दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 14 | अंक : 289 | जयपुर | शनिवार , 24 अगस्त, 2024 | भाद्रपद, कृष्ण पक्ष पंचमी संवत्-2081 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹2 | पृष्ठ : 08
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

# जेडीए में भ्रष्टाचार का भंडाफोड़

# सात अधिकारी रिश्वत लेते गिरफ्तार

## एसीबी की छापेमारी में तहसीलदार, पटवारी, जेईएन और एक दलाल समेत सात लोग गिरफ्तार; डेढ़ लाख रुपये की रिश्वत जब्त



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जयपुर विकास प्राधिकरण में व्याप्त भ्रष्टाचार का एक गंभीर मामला सामने आया है। शुक्रवार को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने भ्रष्टाचार के एक बड़े नेटवर्क का खुलासा करते हुए एसीबी जोन-नो में परिवादी से रिश्वत लेते हुए सात लोगों को गिरफ्तार कर डेढ़ लाख रुपए की राशि जब्त की है। एसीबी ने रिश्वत के खेल का पर्दाफाश कर एक पटवारी, एक जेईएन, तीन गिरदावर, एक तहसीलदार और एक दलाल को गिरफ्तार किया है। एसीबी ने कार्रवाई के दौरान जोन-9 में मौजूद अन्य अधिकारियों के भी मोबाइल जब्त कर लिए थे। कार्रवाई के दौरान एसीबी ने पूरे जोन को सीज कर दिया। कार्यवाही चलने के दौरान वहां पर मौजूद पचास से अधिक अधिकारियों और कर्मचारियों को कार्यालय में ही रोक लिया गया। फिलहाल एसीबी की टीम आरोपितों से पूछताछ करने में जुटी है। जेडीए में व्याप्त भ्रष्टाचार पर पूर्व सीएम अशोक गहलोत भी सरेआम सवाल उठा चुके है। लेकिन फिर भी जेडीए में व्याप्त भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने के लिए न तो कांग्रेस न ही भाजपा सरकार ने जहमत उठाई है।

एसीबी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हिमांशु कुलदीप ने बताया कि जयपुर विकास प्राधिकरण के जोन नंबर-नौ के तहसीलदार लक्ष्मीकांत गुप्ता, गिरदावर रुकमणी (पटवारी का चार्ज),गिरदावर श्रीराम शर्मा, पटवारी रविकांत शर्मा, जेईएन खेमराज मीणा, पटवारी विमला और उसके पति महेश मीणा (दलाल) को डेढ लाख रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार है। जिनके पास से एसीबी की टीम ने डेढ़ लाख रुपये की रिश्वत भी जब्त की है। इसके अलावा एसीबी टीम को एक लाख रुपये अलग से नगद मिले हैं। इन सभी आरोपितों के घरों पर तलाशी की जा रही है। पुलिस अधीक्षक हिमांशु कुलदीप ने बताया कि भूमि कंवर्जन के काम को लेकर सितंबर 2023 में एक पीड़ित से रुपये की मांग की जा रही थी। पीड़ित ने जोन नंबर नौ के पटवारी, तहसीलदार, जेईएन, गिरदावर से कई बार मुलाकात कर काम करने के लिए कहा। इसके बाद उससे लगातार रुपये की मांग को लेकर परेशान किया जा रहा था। इस दौरान पटवारी विमला मीणा का पति महेश ने काम कराने के लिए बारह से तेरह लाख रुपये की डिमांड रखी। कई बार बात करने के बाद डेढ लाख रुपये में सौदा तय हुआ। रिश्वत को लेकर परेशान चल रहे पीड़ित ने एसीबी कार्यालय जयपुर में शिकायत की। एसीबी ने शिकायत का सत्यापन ट्रेप की कार्रवाई करते हुए शुक्रवार देर शाम को परिवादी को रिश्वत के डेढ़ लाख रुपये लेकर भेजा गया। रिश्वत की राशि सभी को बंटने के बाद एसीबी ने छापेमारी की। एसीबी टीम को देखकर रिश्वतखोर अधिकारियों ने रुपये अलमारी के पीछे दीवार की तरफ और अपने अंडरगार्मेंट्स में छुपा लिए। एसीबी कार्रवाई के दौरान जोन नंबर नौ के कार्यालय में पचास से अधिक अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे। ढाई घंटे चली कार्रवाई के दौरान एसीबी ने रिश्वत में शामिल नहीं मिलने वाले अधिकारी और कर्मचारियों को अकेले में एक-एककर पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया। इसके बाद रिश्वत मामले में तहसीलदार लक्ष्मीकांत गुप्ता, गिरदावर रुकमणी (पटवारी का चार्ज),गिरदावर श्रीराम शर्मा, पटवारी रविकांत शर्मा, जेईएन खेमराज मीणा, पटवारी विमला और उसके पति महेश मीणा (दलाल) को गिरफ्तार है। एसीबी की टीम आरोपितों के ठिकानों पर सर्च अभियान चला रखा है।



## मोदी ने जेलेंस्की को भारत आने का न्योता दिया

### भारत के रूस से तेल खरीदने पर चर्चा हुई, जयशंकर बोले- यह राजनीतिक फैसला नहीं

बढ़ता राजस्थान

**कीव (एजेंसी)।** रूस और यूक्रेन में ढाई साल से जारी जंग के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को यूक्रेन पहुंचे। यहां उन्होंने राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की से मुलाकात की। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, दोनों नेता ने मैरिंस्की पैलेस में करीब 3 घंटे बैठक की।

इस दौरान पीएम मोदी ने जेलेंस्की को भारत आने का न्योता दिया। दोनों नेताओं ने कई द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा की। बैठक के बाद विदेश मंत्री एस जयशंकर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने बताया कि मोदी और जेलेंस्की ने जंग के बाद भारत के रूस से तेल खरीदने पर भी बात की। जयशंकर ने कहा, तेल खरीदने से जुड़ा फैसला मार्केट की हालत के हिसाब से लिया जाता है। इसके पीछे कोई राजनीतिक कारण नहीं है। भारत और यूक्रेन के बीच मानवीय सहायता, खेती, मेडिसिन, और कल्चरल को-ऑपरेशन बढ़ाने पर समझौता भी हुआ। इससे पहले मोदी जेलेंस्की के साथ यूक्रेन नेशनल म्यूजियम पहुंचे, जहां उन्होंने जंग में मारे गए बच्चों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने बच्चों के मेमोरियल पर डॉल भी रखी। यूक्रेन के दौरे पर जाने वाले पीएम मोदी पहले भारतीय प्रधानमंत्री हैं।

#### भारत ने यूक्रेन को मेडिकल किट दी

पीएम मोदी ने जंग के बीच यूक्रेन की मानवीय सहायता के लिए जेलेंस्की को BHISHM मेडिकल क्यूब दिए।

## एफआईआर का राजस्थान मॉडल देश भर में लागू करें : पूर्व सीएम गहलोत



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने केंद्र सरकार से कांग्रेस राज के वक्त शुरू किए गए अनिवार्य एफआईआर के मॉडल को पूरे देश में लागू करने की मांग की है। गहलोत ने राजस्थान सरकार को अनिवार्य एफआईआर की नीति को जारी रखने का सुझाव दिया है। गहलोत ने यह भी माना कि अनिवार्य एफआईआर लागू करने से राजनीतिक तौर पर नुकसान उठाना पड़ा है। गहलोत ने सोशल मीडिया बयान जारी कर कहा- पुलिस की लापरवाही के उदाहरणों को देखकर ही राजस्थान में हमारी सरकार ने एफआईआर दर्ज करना अनिवार्य किया था। व्यवस्था की थी कि यदि थाने में एफआईआर दर्ज नहीं की जाए तो स्क्क ऑफिस में एफआईआर होगी और थानाधिकारी पर अनुशासनात्मक कार्रवाई होगी। इसका परिणाम ये हुआ कि थाने में पीड़ितों की सुनवाई होना सुनिश्चित हुई, अपराधों की शिकायत दर्ज होना शुरू हुई। मीडिया और विपक्षी दलों ने दर्ज एफआईआर के आंकड़े बढ़ने को हमारी सरकार के खिलाफ प्रचारित किया जिसका हमें राजनीतिक नुकसान हुआ लेकिन मुझे आज भी संतोष है कि इस नीति से तमाम पीड़ितों को न्याय मिलना सुनिश्चित हुआ।

गहलोत ने कहा- मैंने केंद्र सरकार के सामने पत्र लिखकर, बैठकों में मांग रखी कि पूरे देश में एफआईआर के अनिवार्य पंजीकरण की नीति लागू की जाए जिससे पीड़ितों को न्याय मिलना सुनिश्चित हो सके।

## राइजिंग राजस्थान से होगा प्रदेश में नये विकास का उदय

### राज्य सरकार निवेशकों के सहयोग के लिए तत्पर : सीएम शर्मा



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राइजिंग राजस्थान प्रदेश के औद्योगिक विकास की गति को बढ़ाने में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि राजस्थान में निवेश करने वाले उद्यमियों को भूमि, बिजली एवं पानी की उपलब्धता समयबद्ध एवं नीतिगत रूप से सुनिश्चित करवाई जाएंगी, जिससे निवेश धरातल पर मूर्तरूप ले सके। मुख्यमंत्री शर्मा गुरूवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में वाइब्रेंट गुजरात एवं उत्तरप्रदेश इन्वेस्टर्स समिट की तर्ज पर राइजिंग राजस्थान के सफल आयोजन के लिए राज्य के अधिकारियों के प्रतिनिधिमण्डल के दौरे के बाद आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने निर्देश दिए कि समिट में निवेश के लिए भाग लेने वाले प्रतिभागी देशों के अनुरूप सभी आवश्यक तैयारियां समय से पूरी कर ली जाए। साथ ही, इसके लिए अधिकारियों की विशेष टीम का गठन भी किया जाए।

#### राइजिंग राजस्थान वॉर रूम के जरिए आयोजन की तैयारियां करें तेज

शर्मा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि राइजिंग राजस्थान के सफल आयोजन के लिए वॉर रूम स्थापित किया जाए, जहां उचित संसाधनों के साथ विशेषज्ञ टीम आयोजन से संबंधित सभी तैयारियों को आपसी समन्वय के साथ समयबद्ध रूप से पूरा कर सकें। उन्होंने आयोजन का सभी माध्यमों से व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को अब तक प्राप्त हो चुके निवेश प्रस्तावों को मूर्तरूप देने से संबंधित कार्यवाही को गति प्रदान करने के भी निर्देश दिए।

**निजी क्षेत्र के साथ ही सार्वजनिक क्षेत्र में भी निवेश संभावनाओं को मिले बढ़ावा :** शर्मा ने कहा कि प्रदेश में सार्वजनिक क्षेत्र में भी निवेशकों को आमंत्रित किया जाए जिससे प्रदेश में अधिक से अधिक निवेश हो सके। उन्होंने अधिकारियों को इसके लिए देश में सार्वजनिक क्षेत्र के बड़े उपक्रमों के साथ समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजस्थान में निवेश करने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में अपार संभावनाएं मौजूद हैं।

## यूपी की बस नेपाल में नदी में गिरी: 14 यात्रियों की मौत

### 40 से ज्यादा लोग सवार थे; पोखरा से काठमांडू जाते समय हादसा

बढ़ता राजस्थान



**गोरखपुर/काठमांडू (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के गोरखपुर की एक बस शुक्रवार (23 अगस्त) को नेपाल की मार्स्यांग्डी नदी में गिर गई। बस में 40 से ज्यादा यात्री सवार थे। 14 की मौत हो गई है। 16 घायल हैं। घायलों को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बस नेपाल के पोखरा से काठमांडू जा रही थी। तभी तनहुन जिले के आइना पहाड़ा में सुबह 11.30 बजे हाईवे से लगभग 500 फीट नीचे नदी में गिर गई। बस में सवार यात्री महाराष्ट्र में भुसावल के रहने वाले थे। सभी नेपाल घूमने गए थे। नेपाल पुलिस, सशस्त्र पुलिस बल और नेपाल सेना सर्च और रेस्क्यू ऑपरेशन चला रही है। सशस्त्र पुलिस बल के 45 जवानों की एक टीम भी घटनास्थल पर मौजूद है। नेपाल सेना का एक एमआई-17 हेलिकॉप्टर मेडिकल टीम को लेकर काठमांडू से तनहुन के लिए उड़ान भर चुका है। उत्तर प्रदेश सरकार ने महाराजगंज एसडीएम को घटनास्थल पर भेजा है।

#### महाराष्ट्र से 3 बसें नेपाल 7यात्रा पर गई थीं

गोरखपुर डीएम कृष्णा करुणेश ने बताया कि हादसे का शिकार हुई बस गोरखपुर के केसरवानी टूर एंड ट्रेवल्स एजेंसी की है। बस का नंबर यूपी-53 स्नज्ञ 7623 है। यह गोरखपुर के धर्मशाला बाजार इलाके में रहने वाले सौरभ केसरवानी की पत्नी शालिनी केसरवानी के नाम पर रजिस्टर्ड है। महाराष्ट्र से करीब 4 महीने पहले केसरवानी ट्रेवल्स की 3 बसों की नेपाल जाने के लिए बुकिंग हुई थी। तीनों बसें 20 अगस्त को नेपाल पहुंचीं। 10 दिन इन्हें नेपाल में घूमना था। एक बस आज नदी में गिर गई। बताया जा रहा है कि दूसरी बसों में सवार लोग नेपाल के मुगलिंग में रुके हुए हैं। उनसे संपर्क स्थापित करने की कोशिश की जा रही है।

SNO
Shree Nath Optician

Improve Your Vision
G-32, Shivam Appt. Nr Biyani College, Central Spine, Vidhyadharnagar. M: 9785111173
G-2, Shree Tower, Sector-11, Despensary Road, Kumbha Marg, Pratap Nagar. M: 8559990941

## नेशनल कॉन्फ्रेंस के साथ गठबंधन पर अमित शाह का कांग्रेस पर निशाना, राहुल गांधी से पूछे 10 सवाल

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शुक्रवार को नेशनल कॉन्फ्रेंस के साथ गठबंधन को लेकर कांग्रेस पर सख्त हो गए और ग्रैंड ओल्ड पार्टी के फारूक अब्दुल्ला की पार्टी के साथ चुनावी गठबंधन के बाद धारा 370, 35ए, दलित आरक्षण समेत अन्य मुद्दों पर राहुल गांधी से 10 सवाल पूछे। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अमित शाह ने लिखा कि मोदी सरकार ने अनुच्छेद 370 और 35ए को निरस्त करने के बाद दलितों, जनजातियों, पहाड़ियों और पिछड़े समुदायों को आरक्षण देकर उनके खिलाफ वर्षों के भेदभाव को समाप्त कर दिया।



1) क्या कांग्रेस 'नेशनल कांफ्रेंस' के जम्मू-कश्मीर में फिर से 'अलग झंडे' के वादे का समर्थन करती है?
2) क्या राहुल गाँधी और कांग्रेस पार्टी धारा 370 और आर्टिकल 35ए को वापस लाकर जम्मू-कश्मीर को फिर से अशांति और आतंकवाद के युग में धकेलने के जेकेएनसी के निर्णय का समर्थन करती है?
3) क्या कांग्रेस कश्मीर के युवाओं के बदले पाकिस्तान के साथ वार्ता करके फिर से अलगाववाद को बढ़ावा देने का समर्थन करती है?
4) क्या कांग्रेस पार्टी और राहुल गाँधी, पाकिस्तान के साथ 'एलओसी ट्रेड' शुरू करने के नेशनल कांफ्रेंस के निर्णय से फिर से बॉर्डर पार से आतंकवाद और उसके इकोसिस्टम का पोषण करने का समर्थन करते हैं?
5) क्या कांग्रेस आतंकवाद और पत्थरबाजी की घटनाओं में शामिल लोगों के परिजनों को फिर से सरकारी नौकरी में बहाल करके आतंकवाद, दहशतगर्दी और बंद के दौर को फिर से लाने का समर्थन करती है?
6) इस गठबंधन से कांग्रेस पार्टी का आरक्षण विरोधी चेहरासामने आया है। क्या कांग्रेस दलितों, गुज्जर, बकरवाल और पहाड़ियों के आरक्षण को समाप्त कर फिर से उनके साथ अन्याय करने के जेकेएनसी के वादे के साथ है?
7) क्या कांग्रेस चाहती है कि 'शंकराचार्य पर्वत' 'तख़्त-ए-सुलिमान' और 'हरि पर्वत' 'कोह-ए-मारन' के नाम से जाने जाएँ?
8) क्या कांग्रेस जम्मू-कश्मीर की अर्थव्यवस्था को एक बार फिर से भ्रष्टाचार की आग में झोंक कर पाकिस्तान समर्थित गिने चुने परिवारों के हाथों में सौपने का समर्थन करती है?
9) क्या कांग्रेस पार्टी जेकेएनसी के जम्मू और घाटी के बीच भेदभाव की राजनीति का समर्थन करती है?
10) क्या कांग्रेस और राहुल गाँधी कश्मीर को ऑटोनॉमी देने की जेकेएनसी की विभाजनकारी सोच और नीतियों का समर्थन करते हैं?

सम्पादकीय कार्यालय:-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, प्रागपुरा में प्रसारित

## विकसित राजस्थान 2047 को लेकर नगरीय निकायों की कार्यशाला, विकसित राजस्थान की सोच के साथ, राज्य सरकार कर रही शहरों का सुनियोजित विकास

# भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर बनाएं दीर्घकालीन योजनाएं : सीएम भजनलाल शर्मा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, ( का.स. )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से प्रेरणा लेकर राज्य सरकार शहरों के सुनियोजित विकास के लिए कार्य कर रही है। इसके तहत शहरी क्षेत्रों के निवासियों के लिए गुणवत्तापूर्ण जीवन व समुचित आर्थिक अवसर उपलब्ध करवाने तथा ईज ऑफ अर्बन लिविंग की अवधारणा को साकार करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। शर्मा शुक्रवार को एक निजी टीवी चैनल द्वारा आयोजित 'विकसित राजस्थान 2047-नगरीय निकायों के लिए रोडमैप' राज्य स्तरीय आमुखीकरण कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार भवन निर्माण के लिए उसका नक्शा बनाना जरूरी है उसी तरह भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर विकास का रोडमैप तैयार करना आवश्यक है। शर्मा ने कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित राजस्थान की परिकल्पना साकार करने के लिए हमें शहरों को आवास, शिक्षा, स्वास्थ्य रोजगार, परिवहन सहित सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए सक्षम बनाना है। उन्होंने कहा कि




विकास की इस यात्रा के दौरान प्रकृति के संरक्षण का भी ध्यान रखना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार के साथ ही नागरिकों को भी राज्य को विकसित बनाने में अहम भूमिका निभानी होगी।

सामूहिक जिम्मेदारी की भावना से ही हम जयपुर सहित राजस्थान के दूसरे प्रमुख शहरों को विश्व स्तरीय बनाने का संकल्प साकार कर सकेंगे।

**सरकार का पहला साल बिजली और पानी के लिए समर्पित :** शर्मा ने कहा कि हर राज्य के विकास के लिए बिजली और पानी मूलभूत आवश्यकता है इसलिए राज्य सरकार ने अपने कार्यकाल का पहला वर्ष बिजली और पानी के लिए समर्पित किया है। बिजली और पानी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध होंगे तो राज्य में कृषि और उद्योगों का विकास होगा। उन्होंने कहा कि राज्य को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए राज्य सरकार ने लगभग 2 लाख 24 हजार करोड़ रुपए के एमओयू किए हैं। इसी प्रकार पानी की आवश्यकता की पूर्ति के लिए ईआरसीपी, यमुना जल समझौता और देवास परियोजना से संबंधित महत्वपूर्ण समझौतों और निर्णयों को मूर्त रूप दिया जा रहा है।

### आपसी समन्वय के साथ कार्य करें सभी विभाग

मुख्यमंत्री ने कहा कि नगर नियोजन की कार्य योजना को मूर्त रूप देने के लिए संबंधित विभागों को आपस में समन्वय के साथ कार्य करना होगा जिससे योजनाओं को समयबद्ध रूप से धरातल पर उतारा जा सके। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों की रूपरेखा तैयार करते समय सभी पक्षों से सलाह और सुझाव लेकर सुनिश्चित कार्ययोजना तैयार की जाए और समस्याओं का दीर्घकालीन समाधान निकालें।

इस अवसर पर विधायक बालमुकुंदाचार्य, जयपुर ग्रेटर नगर निगम महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर, जयपुर हैरिटेज नगर निगम महापौर श्रीमती मुनेश गुर्जर, प्रमुख शासन सचिव नगरीय विकास श्री टी. रविकांत सहित राज्य के विभिन्न नगरी निकायों के जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

# ई-रिक्शा और दुपहिया वाहन चोरी करने वाला हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** आदर्श नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ई-रिक्शा/वाहन चोरी करने वाले एक हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार किया है और उसके पास से जयपुर शहर के अलग-अलग स्थानों से चुराए गए चार ई-रिक्शा और दुपहिया वाहन बरामद किया है। पुलिस की प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी के खिलाफ पूर्व में दर्जन भर से अधिक आपराधिक मामले दर्ज और कई वारदातों को खुलासा भी किया है। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व कावेन्द्र सिंह सागर ने बताया कि आदर्श नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ई-रिक्शा/वाहन चोरी करने वाले हिस्ट्रीशीटर शाहरुख उर्फ बकरी निवासी माणक चौक जयपुर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित माणक चौक थाना हिस्ट्रीशीटर है और उसके खिलाफ एक दर्जन से अधिक आपराधिक मामले दर्ज भी है। आरोपित के पास से अशोक नगर,मोतीडुगरी और एसएमएस थाना इलाके से चुराए गए ई-रिक्शा सहित एक



दुपहिया वाहन बाइक जब्त की है। गौरतलब है कि पूर्व में बिहार निवासी आरोपित खरीदार उदय यादव को गिरफ्तार कर उसके पास से ई-रिक्शा बरामद किया था। जिसने पूछताछ में आरोपित शाहरुख उर्फ बकरी से खरीदना बताया। इस पर पुलिस ने आरोपित को चिन्हित कर पकड़ा है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

# अपार्टमेंट की चौथी मंजिल पर लगी भीषण आग, फ्लैट्स में सो रहे लोगों में मचा हड़कंप

## पांच दमकलों की मदद से पाया आग पर काबू

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** गांधी नगर थाना इलाके में गुरुवार-शुक्रवार की मध्यरात्रि को एक अपार्टमेंट की चौथी मंजिल पर भीषण आग लगने से अफरा-तफरी का माहौल हो गया। आग लगने का पता चलने पर अपार्टमेंट के फ्लैट्स में मौजूद लोग दहशत के चलते बाहर निकले।

आग लगने की सूचना मिलने पर पुलिस सहित फायर बिग्रेड की पांच गाड़ियां मौके पर पहुंची और एक घंटे की मशक्कत कर आग पर काबू पाया। पुलिस आग लगने के कारण का पता लगाने का प्रयास कर रही है। थानाधिकारी उदयभान ने बताया कि गांधी नगर थाने के पीछे स्थित अपार्टमेंट की चौथी मंजिल पर आग लगी थी। अपार्टमेंट के ग्राउंड फ्लोर पर एक रेस्टोरेंट और लकड़ी फ्रेम शॉप संचालित होती है और ऊपर बने फ्लैट में रेस्टोरेंट के वर्कर व अन्य लोग रहते हैं। अपार्टमेंट की चौथी मंजिल पर बनी छत पर निर्माण काम चलने के साथ ही लकड़ी के फ्रेम बनाने का सामान पड़ा हुआ है। जहां गुरुवार-शुक्रवार की मध्यरात्रि अचानक चौथी मंजिल पर पड़े सामान में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। आग की भीषण लपटों को उठता देखकर स्थानीय लोगों में अपार्टमेंट के फ्लैट्स में मौजूद लोगों को फोन कर आग के बारे में बताया। इस पर आग लगने का पता चलने पर फ्लैट्स में सो रहे लोग उठकर अपार्टमेंट से बाहर निकल आए।

आग लगने की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। इसके अलावा मालवीय नगर और बाइस गोदाम फायर स्टेशन से दमकल की पांच गाड़ियां मौके पर पहुंची और एक घंटे की मशक्कत कर आग पर काबू पाया गया।

अपार्टमेंट में आग से लाखों रुपए का नुकसान होना बताया जा रहा है। आग लगने के कारणों को लेकर भी जांच की जा रही है।

# आमेर मावठे में डूबने से बालिका की मौत, परिवार के साथ आई थी घूमने

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** आमेर थाना इलाके में शुक्रवार को मावठे में डूबने से एक बालिका की मौत हो गई। बालिका अपने परिवार के साथ जयपुर घूमने आई थी। बालिका के पिता एयरफोर्स जोधपुर में तैनात है। परिवार उड़ीसा का रहने वाला है। घटना के बाद से बालिका की मां की रो-रो कर हालत खराब हो गई। हालांकि इस मामले में पहले पुलिस और परिजन बालिका के अपहरण की आशंका जता रही थी, लेकिन पुलिस ने जब घटना स्थल और उसके आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो बालिका मावठे की तरफ जाती नजर आई। इस आधार पर मावठे में बालिका की खोज की जा रही है। थानाधिकारी अंतिम शर्मा ने बताया कि मूलतः उड़ीसा निवासी 5 वर्षीय मिष्टी मंडल अपने परिवार के साथ जयपुर घुमने आई थी। शुक्रवार को परिजन आमेर महल पहुंचे और मावठे के पास खड़े होकर उसे देख रहे थे। इसी दौरान मिष्टी मां से हाथ छुड़ाकर खेलने लगी। परिजन घूमने में बालिका को भूल गए। जब बालिका काफी देर तक नजर नहीं आई तो परिजन उसे खोजते हुए मावठे के पास पहुंचे। इस पर पुलिस को सूचना दी। घटना दोपहर करीब एक बजे की है। सूचना पर सिविल डिफेंस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और बालिका की तलाश शुरू कर दी है।

# दो स्कूल बसों की आमने-सामने की टक्कर में बारह स्कूली बच्चे घायल

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** राजधानी जयपुर के बिंदायका थाना इलाके में शुक्रवार सुबह दो स्कूल बसों की आमने-सामने हुई टक्कर से दोनों बसों में सवार बारह स्कूली बच्चे घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और प्राइवेट अस्पताल में चोटिल बच्चों का प्राथमिक उपचार करवाया। पुलिस ने दोनों बसों को जब्त कर जांच में जुटी है। पुलिस प्रथम दृष्टया जांच में ओवर स्पीड के चलते एक्सीडेंट होना सामने आया है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है। थानाधिकारी भजन लाल ने बताया कि शुक्रवार सुबह पिंडोलाई के सूरज नगर में सुबह यह हादसा हुआ है। जहां हाथोज स्थित नमस्कार पाठशाला और निमेड़ा के मेहाई पब्लिक स्कूल की बसें अपने-अपने स्कूल के बच्चों को लेकर जा रही थी। इस दौरान सूरज नगर में दोनों ही बसें आमने-सामने से निकल रही थी और तेज रफ्तार के चलते एक-दूसरे को बचाने की कोशिश के बाद भी दोनों बस साइड से टकरा गई। स्कूल बसों के आमने-सामने की भिड़ंत से बच्चों में चीख-पुकार मच गई। हादसे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और हादसे में घायल बारह बच्चों को नजदीकी प्राइवेट हॉस्पिटल भिजवाया। हॉस्पिटल में प्राथमिक उपचार के बाद बच्चों को छुट्टी मिल गई। पुलिस ने दोनों स्कूल की बसों को जब्त कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार दोनों ही बसों में पचास से अधिक बच्चे मौजूद थे।

# नेशनल स्पेस डे मनाया



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( नि.स. )।** कस्बा स्थित राजकीय सरदार उच्च माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को नेशनल स्पेस डे मनाया गया। जिसकी थीम "Touching Lives while Touching the Moon : India's Space Saga." रही। राजेश यादव व ओमप्रकाश कुम्हार ने स्पेस टेक्नोलॉजी के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही एनसीईआरटी द्वारा उपलब्ध लिंक द्वारा वीडियो दिखाकर कार्यक्रम को और भी रुचिकर बनाया गया। प्रभारी सुमन कुमारी व सुरेंद्र सैनी ने सेमिनार और क्विज प्रतियोगिता करवाई। प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने बढ़-चढकर हिस्सा लिया तथा सेमिनार व पोस्टर प्रतियोगिता में विद्यार्थी रिशांत जांगिड़ प्रथम, रोहित यादव द्वितीय, नेहा वर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। क्विज कॉमपिटीशन में युगांश, आयुष शर्मा, आदित्य शर्मा ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया एवं विजेताओं को पुरुस्कृत किया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्या मनोरमा यादव, बलवंत सिंह, राजेश, सुरेंद्र कुमार सैनी, संदीप कुमार जांगिड़ समेत स्टॉफ सदस्य मौजूद रहे।

# जन्माष्टमी पर श्रीकृष्ण बलराम मंदिर धूम धाम से करेगा 'यशोदानंदन का अभिनन्दन'

## कृष्ण बलराम धारण करेंगे रेशम की सुनहरी पोशाक, चन्दन तेल से होगा पंचामृत स्नान

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** 'नन्द के आनंद भयो जय कन्हैयालाल की' 26 अगस्त जन्माष्टमी को श्री श्री कृष्ण बलराम मंदिर में भक्त यशोदानंदन का अभिनंदन जयघोष के साथ करेंगे । छोटी काशी जयपुर जन्माष्टमी के दिन कृष्ण कन्हैया के प्रेम और वात्सल्य से सराबोर हो जाएगी। जगतपुरा के श्री कृष्ण बलराम मंदिर में जन्माष्टमी की विशेष तैयारियां की जा रही है। मंदिर प्रबंधन के अनुसार इस बार डेढ़ लाख श्रधालुओं के पहुचने की संभावना है। जन्माष्टमी महोत्सव की शुरुआत सुबह मंगला आरती से शुरू हो जाएगी जो रात्रि 12 बजे श्रीकृष्ण के जन्म के साथ होने वाली महाआरती के साथ संपन्न होगी। मंदिर के अध्यक्ष अमितासना दास ने जन्माष्टमी की तैयारियों पर प्रकाश डालते हुए बताया की मंदिर में यशोदानंदन



के अभिनंदन की तैयारियां दो महीने पहले से ही शुरू हो गई थी। यह पर्व श्री कृष्ण बलराम मंदिर में मनाया जाने वाला वर्ष का सबसे बड़ा और ऐतिहासिक उत्सव है । जन्माष्टमी महोत्सव पर श्रीकृष्ण बलराम रेशमी सुनहरी पोशाक धारण करेंगे । जिसे मथुरा के कारीगरों ने विशेष तौर पर डेढ़ महीने में तैयार किया है। मंदिर अध्यक्ष ने जन्माष्टमी के महाभिषेक के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया की मध्यरात्री को 12 बजे यशोदानंदन का अभिषेक किया जाएगा । जिसमे पूरे जयपुर से लाखों श्रद्धालु उपस्थित होंगे। महा अभिषेक नारियल पानी,दिव्य जल, जड़ी बूटियां, पंचामृत और पंचगव्यों से होगा।

जिसे 108 कलशों से किया जाएगा। दिन भर मंदिर में हरे कृष्ण महामंत्र का जाप और कीर्तन होगा। जिसमे श्रद्धालु भगवान कृष्ण के प्रेम में भाव विभोर होकर नृत्य करेंगे।

# जयपुर योगा लीग के लिए 16 राज्यों के सैकड़ो बच्चे जयपुर आए बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले को मिलेगा 7 लाख रुपए का पुरस्कार




बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** देश की सबसे विख्यात दो दिवसीय आठवीं योगासन प्रतियोगिता जयपुर योगा लीग सवाई मानसिंह इंडोर स्टेडियम में 24-25 अगस्त को प्रारंभ होने जा रही है, जयपुर योग लीग के सचिव डॉ. अभिनव जोशी एवं विख्यात योगाचार्य ढाकाराम ने बताया कि 2 दिन चलने वाली इस प्रतियोगिता में देश के सैकड़ो प्रतिभागी विद्यार्थी विभिन्न श्रेणियो में योगासन का सार्वजनिक प्रदर्शन करेंगे, बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले योगर्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए 7 लाख से रुपए के अधिक के पुरस्कार दिए जाएंगे। पुणे से पधारे वरिष्ठ योगाचार्य चन्द्रकान्त पंधारे ने कहां की हम सुनिश्चित मापदंडों एवं योग के नियमों के अनुसार प्रतिभागियों के प्रदर्शन को जांचते हुए श्रेष्ठता का चयन करेंगे। जयपुर योगा लीग के मुख्य सलाहकार एवं समन्वय योगी मनीष विजयवर्गीय ने बताया कि आयोजन की प्रति लगातार रुझान के बढ़ते 16 प्रदेशों के विद्यार्थी जयपुर पहुंच गए हैं, यह प्रतियोगिता उन्हें शारीरिक मानसिक स्वास्थ्य के साथ-साथ उनके आध्यात्मिक उत्थान के लिए भी एक प्रयास है जिसे विद्यार्थियों एवं अभिभावकों का समर्थन मिल रहा है।

# महिला रेलयात्री की ट्रेन में गिरी सोने की चैन चैन लौटाने में आरपीएफ टीम ने भागीदारी निभाई

बढ़ता राजस्थान

**फुलेरा ( नि.स. )।** ट्रेन में सफर कर रही एक महिला रेलयात्री की साठ हजार रुपए कीमत की सोने की चैन ट्रेन मे गिर गई । रेलवे सुरक्षा बल को सूचना मिलने पर गाडी के आगमन पर तुरन्त कारवाई करते हुये कोच मे जाकर खोई हुई चैन को बरामद कर महिला यात्री को लोटाई। आरपीएफ निरीक्षक राजेश सिंह ने चैन लौटाने में अहम भागीदारी निभाई । सब इंस्पेक्टर विक्रम सिह के मुताबीक गुरुवार 22 अगस्त को सवारी गाड़ी नंबर 22949 बांद्रा टर्मिनस से दिल्ली के एम-2 कोच में यात्रा कर रही महिला यात्री फरीदा की एक सोने



की चैन जिसकी कीमत लगभग साठ हजार रुपए बताई गई, गाड़ी में सीट नंबर 10 पर गिर गई, जिसकी सूचना पर फुलेरा रेलवे स्टेशन पर रेलवे सुरक्षा बल के इंस्पेक्टर राजेश सिंह के निर्देशन में कॉस्टेबल श्रीपाल ने यात्री की सोने की चैन ट्रेन से उतारकर आरपीएफ फुलेरा थाने पर लाकर दी। जिसे थानाधिकारी इंस्पेक्टर राजेश सिंह ने सूचना देकर महिला यात्री फरीदा को बुलाकर सुपुर्द किया, चैन मिलने पर यात्री की खुशी का ठिकाना नहीं रहा और उन्होंने रेलवे सुरक्षा बल टीम का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## ब्लॉक स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन

# ब्रेस्ट कैंसर (स्तन कैंसर) की जांच/स्क्रीनिंग करने का दिया प्रशिक्षण

## बीसीएमओ ने विभिन्न योजनाओं की समीक्षा कर दिये आवश्यक दिशा-निर्देश



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( नि.स. )।** कस्बे के राजकीय सरदार जनाना अस्पताल परिसर में शुक्रवार को बीसीएमओ डॉ. पूरण चन्द गुर्जर की अध्यक्षता में पीएचसी भौनावास, देवता एवं सीएचसी बनेठी की ब्लॉक स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बीसीएमओ ने एमओआईसी, सीएचओ, एएनएम एवं आशा सहयोगिनियों को ब्रेस्ट कैंसर (स्तन कैंसर) की जांच/स्क्रीनिंग करने का प्रशिक्षण दिया। साथ ही राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना माँ वाउचर योजना, टीकाकरण, आयुष्मान कार्ड वितरण, आभा आई.डी, राजश्री योजना का भुगतान, एएनसी पंजीकरण, एएनसी जांच, आशा डायरी एवं आरसीएच रजिस्टर की प्रगति की समीक्षा की। जिसमें उप स्वास्थ्य केन्द्र पण्डितपुरा एवं रामपुरा की प्रगति संतोषप्रद नहीं पाई गई। जिन्हें सात दिवस में पूर्ण करने के सख्त निर्देश प्रदान किये गये। बीसीएमओ ने मौसमी बीमारियों को देखते हुये एएनएम व आशा सहयोगिनियों को नियमित रूप से डोर टू डोर एन्टीलार्वा सर्वे करने, मौसमी बीमारियों के प्रति आमजन को जागरूक करने। साथ ही पानी का ठहराव नहीं होने देने, मच्छरों के बचाव के लिये पूरे कपड़े पहनने, खूब पानी पीने व तरल पदार्थ का उपयोग करने के लिये आमजन को जागरूक करने के निर्देश दिये।

उन्होंने समस्त स्टॉफ को ड्रेस में रहने, आई.डी. कार्ड लगाकर रखने, संस्थान की नियमित रूप से साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिये। इस दौरान डॉ. बिजेय यादव, डॉ. पवन कुमार सैनी, डॉ. सुरेन्द्र कुमार, बीपीएम विजय तिवाड़ी, ख्यालीराम यादव, सुरेश सैनी, राजवीर गुर्जर, प्रेमप्रकाश सैनी, सीएचओ, एएनएम, कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं आशा सहयोगिनी उपस्थित रही।

# गोविंद देवजी मंदिर में दर्शन पास और जगमोहन पास से प्रवेश केवल सायं 7 बजे तक ही संभव है

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** गोविंद देवजी मंदिर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर उमडने वाले श्रद्धालुओं को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने दर्शन पास एवं जगमोहन दर्शन पास से दर्शन की व्यवस्था में पहली बार परिवर्तन किया है। जिनके दर्शन प्रवेश पत्र(पास) और जगमोहन दर्शन के पास है वे प्रातः 4.30 बजे से सायं 7 बजे तक ही दर्शन कर सकेंगे। इसके बाद इस पास से दर्शन नहीं होंगे। सायं 7 बजे से सभी आम श्रद्धालुओं की तरह दर्शन कर सकेंगे। गत वर्ष शाम सात बजे दर्शनार्थियों की भारी भीड़ के कारण पुलिस प्रशासन को भारी मशक्कत करनी पड़ी थी। इस कारण इस बार दर्शन व्यवस्था में परिवर्तन किया गया है। अभिषेक दर्शन पास धारकों का प्रवेश रात्रि 10 बजे से रहेगा जो रात्रि 11 बजे तक मंदिर में प्रवेश करना होगा। रात्रि 11 बजे के बाद अभिषेक पास मान्य नहीं होगा। अभिषेक पास धारक को आम दर्शनार्थियों की तरह प्रवेश करना होगा।

# आज क्षेत्र मे सुबह तीन घन्टे बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी

बढ़ता राजस्थान

**फुलेरा( नि.स. )।** विद्युत वितरण निगम लिमीटेड के 220 केवी हरिपुरा जीएसएसके द्वारा आज शनिवार को विद्युत यार्ड में मेंटेनेंस कार्य के चलते क्षेत्र में सुबह 8 से 11 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। विभाग के सहायक अभियंता सारांश चौधरी व कनिष्ठ अभियंता उमेश यादव के मुताबिक हरिपुरा जीएसएस से जुड़े फुलेरा, सांभर,भंदे बालाजी, ढीडा,सामोता का बास, सुरसिंहपुरा,देवयानी,रसूलपुर, इरोलाव,त्योद,सिनोदिया सहित सभी गांवों एवं पीएचईडी नलकूपों पर विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी ।

# मृतक 3 व्यक्तियों के आश्रितों को 3 लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की

बढता राजस्थान

**टोंक, (कासं)।** अलग-अलग दुर्घटनाओं के मृतक 3 व्यक्तियों के आश्रितों को जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा ने मुख्यमंत्री सहायता कोष से 3 लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की है। जिला कलेक्टर ने बताया कि दुर्घटना में मृतक अभिषेक खटीक पुत्र चेतन खटीक निवासी ग्राम महुआ तहसील टोंक, रामप्रसाद गुर्जर पुत्र बालूराम गुर्जर निवासी ग्राम कावरा तहसील टोंक एवं मोहन लाल मीणा पुत्र मेवा राम मीणा निवासी ग्राम जूनिया तहसील दूनी एवं के आश्रितों को मुख्यमंत्री सहायता कोष से एक-एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की हैं।

डॉ. अजय मुर्डिया द्वारा निर्मित की जाने वाली 4 फिल्मों की हुई पोस्टर लॉन्चिंग

# जीवन में जिंदादिली रखों जीना आसान हो जायेगा : डॉ. मुर्डिया

## डॉ.मुर्डिया ने बताई आईवीएफ व फिल्मी सफर की कहानी

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर ( दिनेस गोठवाल )।** आमतौर पर सेवानिवृत्त होने के बाद व्यक्ति अपना शेष जीवन इधर-उधर व्यतीत करने में लग जाता है। वह आगे की सोच नहीं रखता है इसलिये वह जहां है उसे ही अपनी शेष दुनिया मान लेता है लेकिन 72 वर्षीय डॉ. अजय मुर्डिया ने अपने उपर उम्र को कभी हावी नहीं होने दिया। उनका कहना है कि जीवन में जिंदादिली रखों क्योंकि उससे जीना आसान हो जाता है। रोटरी क्लब उदयपुर द्वारा रोटरी बजाज भवन में आयोजित एक कार्यक्रम में आज डॉ. अजय मुर्डिया द्वारा निर्मित की जाने वाली 4 फिल्मों के पोस्टर की लॉन्चिग की गई। कार्यक्रम में बोलते हुए डॉ. अजय मुर्डिया अपनी आईवीएफ की 45 वर्ष की एवं फिल्मों के नये सफर के संस्मरण सुनायें। डॉ. मुर्डिया ने बताया कि 45 वर्ष पूर्व मात्र दो कमरे से आईवीएफ की यात्रा शुरू हुई। उसे बाद इस शत्रा की सफर बहुत ही कठिन दौर से गुजरा लेकिन उनके साथ इन्दिरा मुर्डिया,खुद के बुलन्द हौसलें व 4 ए यानि अवेयरनेस, अफोर्डेबल,एक्सेसिबिलिटी तथा एक्यूरेसी का गुर के साथ से उन्होंने वह दौर भी आसानी से गुजार दिया। 1978 से मात्र एक सेनटर से शुरू हुआ इन्दिरा आईवीएफ ने 2014 में दूसरा सेन्टर खोला और फिर कभी पीछे नहीं मुड़ कर देखा। 2014 से लेकर 2024 तक देश के विभिन्न कोनों में 150 आईवीएफ सेन्टर खोल चुके है। डॉ. मुर्डिया ने बताया कि देश में अब तक वे 2500 आईवीएफ के केम्प लगा चुके है। अब तक उन्होंने डेढ़ लाख आईवीएफ कर चुके है। वर्ष 2010 में उन्होंने टेस्ट ट्यूब बेबी का कार्य प्रारम्भ किया। इस कार्यक्रम उनके दोनों पुत्र नितिज व क्षितिज का पूर्ण सहयोग मिला। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक तरीके से ईलाज कराये जाने पर नि:संतान को संतान प्राप्ति हो सकती है। अब तक वे देश के 400 चिकित्सकों को आईवीएफ की ट्रेनिंग दे चुके है। इन्दिरा आईवीएफ की सक्सेस रेट 75 प्रतिशत है। उन्होंने अपने जीवन की दूसरी पारी के बारें में बताया कि उन्होंने खुद पर बनने वाली बायोपिक तुमकों मेरी कसम,धार्मिक फिल्म रन,बच्चों के लिये बन रही विराट तथा तू मेरी पूरी कहानी बना रहे है।

क्लब अध्यक्ष अनिल छाजेड़,सचिव एडवोकेट डॉ.भरत सरूपरिया के साथ डॉ.अजय मुर्डिया ने फिल्मों की पोस्टर लॉन्चिंग करते हुए बताया कि अगले वर्ष 26 मार्च को इन्दिरा मुर्डिया के जन्मदिन पर तुमको मेरी कसम फिल्म को पर्दे पर उतारा जायेगा। इस फिल्म की लॉन्चिग को उदयपुर में की जायेगी और उस समय इस फिल्म की स्टारकास्ट उदयपुर में मौजूद रहेगी। विराट फिल्म को अगले वर्ष 25 दिसम्बर को 3 डी फिल्म के साथ उतारने पर विचार किया जा रहा है। डॉ. मुर्डिया ने बताया कि इन्दिरा आईवीएफ अगले वर्ष आईपीओ लायेगा ताकि उससे मिलने वाली राशि से इस क्षेत्र में नये इनोवेशन किये जायेंगे।

## उदयपुर जिंक सिटी में होने वाली वेदांता जिंक सिटी हाफ मैराथन के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू

### 29 सितंबर को पहली वेदांता जिंक सिटी हाफ मैराथन की हिंदुस्तान जिंक करेगा मेजबानी

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ ( नि.स. )।** कुपोषण से बचाव के संदेश के साथ हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड वेदांता जिंक सिटी हाफ मैराथन उदयपुर में 29 सितंबर को आयोजित करेगा। एसोसिएशन ऑफ इंटरनेशनल मैराथन और डिस्टेंस रेस के आधिकारिक सदस्य के रूप में, इस आयोजन को एआईएमएस प्रमाणन प्राप्त हुआ है। यह वैश्विक स्तर पर सूचीबद्ध मैराथन है, जो वैश्विक मंच पर इसके महत्व को बढ़ाता है। वेदांता जिंक सिटी हाफ मैराथन का मुख्य आकर्षण इसका लुभावना मार्ग होगा जो अरावली पर्वतमाला के मध्य स्थित फतेह सागर झील के चारों ओर है। प्रतिभागी उदयपुर की समृद्ध विरासत के साथ रूबरू होगें जिसमें महाराणा प्रताप स्मारक जैसे प्रतिष्ठित स्मारकों, सहेलियों की बाड़ी और नीमच माता मंदिर पहाड़ी से गुजरेगा। हाफ मैराथन 21 किलोमीटर, कूल रन 10 किलोमीटर, और ड्रीम रन 5 किलोमीटर की होगी। यह आयोजन दुनिया भर के पेशेवर और शौकिया धावकों के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव होगा।

## चूरू जिले में स्थापित होंगे 8190 सौर ऊर्जा पंप संयंत्र

### सीएम भजनलाल के नेतृत्व में किसानों को मिल रहा योजनाओं का लाभ

बढ़ता राजस्थान

**चूरू( सुरेश शर्मा )।** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश के किसानों को केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं का भरपूर लाभ मिल रहा है। इसी क्रम में, कृषि विद्युत कनेक्शन के अभाव में डीजल इंजन चलित पंप से खेतों में सिंचाई कर रहे किसानों के लिए प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (पीएम-कुसुम) स्टैण्ड अलोन सौर ऊर्जा पम्प परियोजना (कम्पोनेन्ट-बी) एक सुनहरा अवसर है। बिजली कटौती एवं कृषि कनेक्शन में होने वाली देरी से छुटकारा मिलने के साथ ही केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा दिए जा रहे अनुदान का लाभ उठाते हुए सौर ऊर्जा पंप संयंत्र लगाने का मौका इस योजना के माध्यम से किसानों को मिल रहा है। योजना में चूरू जिले को 8190 सौर ऊर्जा पंप संयंत्र लगाने का लक्ष्य रखा गया है। पीएम-कुसुम-कम्पोनेन्ट बी के तहत कृषकों को 3, 5 एवं 7.5 हॉर्स पावर क्षमता के सौर ऊर्जा पंप संयंत्र लगाने पर 60 प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है। इसमें 30 प्रतिशत अनुदान केन्द्रीय मद से जबकि 30 प्रतिशत राज्य मद से है। अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के कृषकों को राज्य मद से 45 हजार रूपए प्रति कृषक प्रति संयंत्र अतिरिक्त अनुदान मिलेगा। पंप संयंत्र की कुल लागत की 40 प्रतिशत राशि कृषक द्वारा स्वयं वहन की जाती है। कृषक अपनी हिस्सा राशि का 30 प्रतिशत तक बैंक से ऋण प्राप्त कर सकते हैं। सौर ऊर्जा पंप संयंत्र के लिए भारत सरकार के नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय से निर्धारित दरों पर अनुबंधित/सूचीबद्ध फर्म द्वारा स्थापित किए जाने पर ही अनुदान देय होगा। आपूर्तिकर्ता फर्म का चयन कृषक द्वारा किया जाएगा। अनुदान राशि का भुगतान उद्यान विभाग द्वारा संबंधित आपूर्तिकर्ता फर्म को दो चरणों में किया जाता है। अनुबंधित फर्म द्वारा सौर ऊर्जा पंप संयंत्र कृषक के खेत पर स्थापित किए जाने का सत्यापन कमेटी द्वारा सत्यापन किए जाने के पश्चात् पंप संयंत्र की 90 प्रतिशत (40 प्रतिशत कृषक हिस्सा एवं 50 प्रतिशत अनुदान राशि) राशि का भुगतान देय होगा। शेष राशि का भुगतान दूसरे चरण में होगा।

## सखी क्लब मितवा सोसाइटी ने मनाया 19वां शपथ समारोह आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** सखी क्लब मितवा सोसाइटी ने अपना 19 वां शपथ ग्रहण समारोह ललित लक्ष्मी विलास होटल में आयोजित किया। संरक्षक मंजू सिंघटवाड़िया ने नव निर्वाचित अध्यक्ष मोनिका नाहर और सचिव मधु भंडारी के बारे में जानकारी दी,साथ ही सखी मितवा के यंग ग्रुप फेम फोर्स की तृप्ति मोदी, संरक्षक और नव निर्वाचित कार्यकारिणी ने भी शपथग्रहण की। समारोह की मुख्य अतिथि डॉ.विजय लक्ष्मी चौहान और डॉ.संगीता गुप्ता थी। नई कार्यकारिणी सह संरक्षक निधि कुमट और सुनीता मोदी, आईपीपी शिल्पी गुप्ता,उपाध्यक्ष नीतू सरूपरिया, रीना मंडावत, माधुरी तलेसरा, उषा सिसोदिया, रेखा असावा, रंजना चौधरी, और तनु शुक्ला को शामिल किया गया। अध्यक्ष मोनिका नाहर ने बताया कि यह समारोह न केवल संगठन के नए नेतृत्व का स्वागत करता है, बल्कि हमारे समाज के प्रति जिम्मेदारियों को भी रेखांकित करता है।

## सूरजपोल गेट बाहर स्थित बांकेबिहारी मन्दिर में कृष्ण जन्मोत्सव 26 अगस्त को

बढ़ता राजस्थान



**ब्यावर, ( विष्णुदत्त धीमान )।** सूरजपोल गेट बाहर स्थित बांकेबिहारी मन्दिर में भुवन मोहन कन्हैया के जन्मोत्सव का आयोजन दिनांक 26 अगस्त सोमवार को हर्षोल्लास से आयोजित किया जायेगा। हीरालाल जगन्नाथ ड़ाणी ट्रस्ट द्वारा संचालित बांकेबिहारी मन्दिर ट्रस्ट के अध्यक्ष माणक ड़ाणी ने जानकारी देते हुये बताया कि मन्दिर परिसर में 26 अगस्त को कृष्ण जन्मोत्सव की धूमधाम रहेगी। ट्रस्टी सुरेश रायपुरिया के संयोजन में पुष्कर, जयपुर, अजमेर एवं उदयपुर से गेंदा, गुलाब, जूही, चंपा, चमेली, मोगरा, केवड़ा, रजनीगन्धा एवं कमल के पुष्प मंगवाकर ठाकुरजी के गर्भगृह में अति मनोरम फूल बंगला सजाया जायेगा। भक्तजनो के दर्शनार्थ मन्दिर के पट सांय 6 बजे से खोले जाएंगे। रात्री 8 बजे श्याम भजन गायक विजय मंडोरा, हरिनाम संकीर्तन प्रमुख विजय तंवर, मीरा मण्डल की प्रमुख सुगना तंवर द्वारा कृष्ण जन्म बधाई गान की प्रस्तुत्ति दी जायेगी। रात्री 12 बजे महाआरती के पश्चात प्रसाद वितरित किया जायेगा। मंदिर ट्रस्ट के मंत्री राजेन्द्र गर्ग ने बताया कि जन्माष्ठमी आयोजन हेतु विभिन्न समितियों का गठन करके तैयारियां प्रारम्भ कर दी गई है। कार्यक्रम हेतु अतुल बंसल, अविनाश गर्ग एवं सुरेश रायपुरिया को संयोजक बनाया गया है जो श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को दर्शन की सुलभ व्यवस्था उपलब्ध करायेंगे।

गोविंद किशोर गोयल, कान्ति लाल डाणी, श्यामसुंदर अग्रवाल, शंकरलाल गर्ग, घनश्याम साँखला को प्रसाद व्यवस्था हेतु नियुक्त किया गया है। आगंतुक अथितियो के स्वागत का जिम्मा रमाकान्त डाणी, नेमी चंद सराफ़, राधेश्याम डाणी एवं लक्ष्मीकांत ड़ाणी सम्भालेंगें। वृंदावन की तर्ज़ पर बनाये जाने वाले फ़ुल बँगला वास्ते ट्रस्ट के सह मंत्री महेन्द्र सलेमाबादी के संयोजन में जितेन्द्र दाधीच, मोनू अरोड़ा, महेश सिंहल, गोपाल अरोड़ा, विजय तंवर, सचिन टेलर, सोनू रायपुरिया, प्रियंक भाटी, चन्द्रप्रकाश अरोड़ा धर्मीचंद जाँगीड़ द्वारा श्रृंगार की तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है।

## जगदीश अग्रवाल अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के प्रदेशमंत्री हुए मनोनित



बढ़ता राजस्थान

**चौमहला/झालावाड़ ।** अग्रवाल समाज जिला उपाध्यक्ष जगदीश अग्रवाल अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के प्रदेश मंत्री पद पर मनोनित हुए। संगठन प्रदेश प्रवक्ता अनुसार अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल शरणगर्ग के निर्देशानुसार प्रदेश अध्यक्ष गिरीश जी गर्ग की सहमति से जगदीश अग्रवाल चौमहला झालावाड़ को अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन पूर्वी राजस्थान के प्रदेश मंत्री पद पर मनोनित किया गया।

अग्रवाल की नियुक्ति पर चौमहला व झालावाड़ जिला अग्रवाल समाज में खुशी की व्याप्त है, वही समाज जन व शुभचिंतकों द्वारा शुभकामनाएं बधाईयां प्रेषित की जा रही है। नियुक्ति पर जगदीश अग्रवाल ने कहा की संगठन द्वारा मिली जिम्मेदारी का ईमानदारी निष्ठा से समाज संगठन के लिए दायित्व निभाऊंगा।

## दिल्ली में दादासाहेब फालके आइकॉनिक अवॉर्ड से आज सम्मानित होगी डॉ चंद्रकला चौधरी

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर ( दिनेस गोठवाल )।** डीपीएआईएफ भारत व दुबई की ओर से उदयपुर की जानी मानी कथक गुरु व लायंस क्लब ऑफ़ बीइंग मानव की पूर्व अध्यक्ष व कथक आश्रम की फाउंडर डॉ. चन्द्रकला चौधरी को 24 अगस्त को दिल्ली में दादासाहेब फ़ालके आइकॉनिक अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। डॉ.चंद्रकला चौधरी को ये अवार्ड उनकी कला के क्षत्र में नेशनल व इंटरनेशनल योगदान के लिए दिया जा रहा है। इस से पहले भी चौधरी को कई इंटरनेशनल अवार्ड मिल चुके है जो उदयपुर के लिये ये गौरव की बात है। यह अवार्ड उनको उनके 18 वर्षो से कला के क्षेत्र में निरन्तर उत्कृष्ट सेवा प्रदान करने हेतु दिया जाएगा। इस समारोह में फ़िल्मी जगत की कई जानी मानी हस्तियाँ भी शिरकत लेगी अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय अवार्डी डॉ चंद्रकला चौधरी ने कला को समर्पित कर कई युवाओ इंटरनेशनल मंच पर पहचान दी।

## सैनिक स्कूल में ग्रुप स्तरीय अखिल भारतीय सैनिक स्कूल राष्ट्रीय खेलों का समापन होगा



बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ ( नि.स. )।** सैनिक स्कूल चित्तौड़गढ़ में 21 अगस्त से चल रहे ग्रुप स्तरीय अखिल भारतीय सैनिक स्कूल राष्ट्रीय खेलों का समापन समारोह 24 अगस्त को स्कूल के एथलेटिक ग्राउंड में होगा। समापन समारोह के मुख्य अतिथि स्कूल के पूर्व छात्र एवं वर्तमान मे भीलवाड़ा के पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत होंगें। सैनिक स्कूल चित्तौड़गढ़ में चल रहे ग्रुप स्तरीय अखिल भारतीय सैनिक स्कूल राष्ट्रीय खेलों में विभिन्न प्रतियोगिताए आयोजित हुई।

स्कूल के जनसंपर्क अधिकारी बाबूलाल शिवरान ने बताया कि सैनिक स्कूल अमेठी एवं सैनिक स्कूल मैनपुरी के मध्य खेले गए बास्केटबॉल मैच में सैनिक स्कूल मैनपुरी ने सैनिक स्कूल अमेठी को 39-17 से हराया। सैनिक स्कूल चित्तौड़गढ़ एवं सैनिक स्कूल रीवा के मध्य खेले गए बास्केटबॉल मैच में सैनिक स्कूल चित्तौड़गढ़ ने सैनिक स्कूल रीवा को 27-25 से हराया। सैनिक स्कूल रीवा एवं सैनिक स्कूल मैनपुरी के मध्य खेले गए हॉकी मैच में मैनपुरी ने रीवा को 1-0 से हराया। सैनिक स्कूल अमेठी एवं सैनिक स्कूल चित्तौड़गढ़ के मध्य खेले गए हॉकी मैच में चित्तौड़गढ़ ने अमेठी को 3-1 से हराया। सैनिक स्कूल अमेठी एवं सैनिक स्कूल चित्तौड़गढ़ के मध्य खेले गए वॉलीबॉल मैच में चित्तौड़गढ़ ने अमेठी को हराया। सैनिक स्कूल मैनपुरी एवं सैनिक स्कूल रीवा के मध्य खेले गए वॉलीबॉल मैच में मैनपुरी ने रीवा को हराया।

## डीपीएस उदयपुर में संस्कृत गीतों से मंत्र मग्ध हुए फ्रांस के विद्यार्थी



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** दिल्ली पब्लिक स्कूल उदयपुर के प्रांगण में अंतर्विद्यालय संस्कृत समूह गीत प्रतियोगिता संपन्न हुई इस प्रतियोगिता में नगर के 27 विद्यालयों की टीमों ने भाग लिया। संस्कृत भाषा के प्रचार प्रसार हेतु संस्कृत सप्ताह के अंतर्गत 'संस्कृति भारतीय उदयपुर' द्वारा विभिन्न विद्यालयों में सांस्कृतिक गतिविधियाँ आयोजित की गई। समूह गीत प्रतियोगिता कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रादेशिक परिवहन अधिकारी नेमीचंद्र पारीक थे। पारीक ने संस्कृत भाषा के प्रचार प्रसार पर जोर दिया। उन्होंने इसके लिए दैनिक जीवन में उपयोगी संस्कृत सूक्तियां के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि ''सत्यमेव जयते'' उद्यमेन हि सिध्यन्ति कार्याणि न मनोरथै: जैसी सूक्तियां हमें प्राचीन काल से आज तक दैनिक जीवन में सत्य और परिश्रम का महत्व बताती रहती है आज आवश्यकता इस बात की है कि हम संस्कृत भाषा को विद्यालय में पढ़ने के अलावा संस्कृत साहित्य भी पड़े और गौरव का अनुभव करें। प्रतियोगिता में शुद्ध उच्चारण व मधुर स्वर लहरियों श्रोताओं के आकर्षण का केंद्र रही। फ्रांस व पेरिस से डीपीएस उदयपुर के छात्रो व षिक्षकों से छात्र विनिमय कार्यक्रम के तहत 50 विद्यार्थी आये। उन्होने शाला भ्रमण किया एवं विद्यार्थीयों एव शिक्षकों से अपने विचार साझा किये तथा विद्यार्थियों का दल तो मधुर गीत सुनकर मंत्र मुग्ध हो गया। इस रोचक प्रतियोगिता के अंतर्गत विद्यालय के प्राचार्य संजय नरवरिया ने सभी प्रतिभागीयों की सराहना की।

कार्यक्रम के अंत में सबको शुभकामनाएं देते हुए विद्यालय के प्रो. वाइस चेयरमेन गोविंद अग्रवाल ने कहा कि संस्कृत भाषा को लोकप्रिय बनाने के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम करते रहना चाहिए अंत में विद्यालय के उप प्राचार्य राजेश धाभाई ने सभी गायको की सराहना करते हुए शुभकमनाएं प्रेषित की।

## अब ग्राम पंचायत कार्यालय में बैठेंगी साथिन कार्यकर्ता

बढ़ता राजस्थान

**चूरू ( नि.स. )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश सरकार के महत्वाकांक्षी निर्णय से अब साथिन कार्यकर्त्ता ग्राम पंचायत कार्यालय में बैठेंगी। सीईओ मोहनलाल खटनावलिया ने बताया कि राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजनान्तर्गत साथिन कार्यकर्ता को ग्राम पंचायत स्तर पर प्रशिक्षक एवं सहयोगी के रूप में विकसित करने के नवाचार के रूप में 'साथिन परियोजना' का क्रियान्वयन ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग द्वारा यूनीसेफ-राजस्थान के सहयोग से किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिले में साथिन परियोजना के सुचारू संचालन हेतु साथिन कार्यकर्ताओं के ग्राम पंचायत कार्यालय में बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं।


## कार्यालय नगर परिषद, टोंक

क्रमांक : एमसीटी/2024-25/5724-27 दिनांक :10/08/24

**इश्तेहार**

**सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नाकिंत व्यक्ति द्वारा पटटा बनवाने हेतु पत्रावली प्रस्तुत की गई है।**

| क्र स | नाम पिता/पति | कॉलोनी | साईज | भूखण्ड संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1. | विजेन्द्र गुर्जर / नेहनू लाल | पार्वती नगर कॉलोनी, टोंक | 150 | 41 |

यदि इस कार्य से किसी आम, खास को उज्ज/आपत्ति हो तो परिषद मे प्रकरण सम्बन्धित दस्तावेजात सहित 07 दिवस के भीतर भीतर अपनी आपत्ति मय प्रकरण से सम्बन्धित दस्तावेजात सहित प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद मियाद गुजरने पर किसी भी उज्ज/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा और नियमानुसार चाहा गया पटटा जारी कर दिया जावेगा।

**आयुक्त नगर परिषद टोंक**

## सम्पादकीय

# खाद्य मुद्रास्फीति और मौद्रिक नीति आर्थिक समीक्षा में उभरी चिंताएं

इस समय लगातार उच्च खाद्य मुद्रास्फीति और मौद्रिक नीति पर इसके असर को लेकर एक दिलचस्प और जीवंत बहस चल रही है। हालांकि यह विषय नया नहीं है और मुद्रास्फीति को लक्षित करने की लचीली व्यवस्था को अपनाए जाने के समय से ही यह बहस का विषय रही है, लेकिन आर्थिक समीक्षा में की गई टिप्पणियों ने एक तरह से इसे नए सिरे से उभार दिया। आर्थिक समीक्षा में कहा गया कि भारत में मुद्रास्फीति को लक्षित करने के ढांचे में इस बात पर भी विचार होना चाहिए कि मुद्रास्फीति को बिना खाद्य कीमतों के लक्ष्य बनाया जाए। वित्त मंत्रालय के अर्थशास्त्र के जानकारों का कहना है कि उच्च खाद्य कीमतें अक्सर आपूर्ति क्षेत्र की दिक्कतों की वजह से होती हैं, न कि मांग क्षेत्र की। अल्पावधि को ध्यान में रखने वाले नीतिगत उपाय अतिरिक्त समेकित मांग से उत्पन्न होने वाले मूल्य दबाव को सीमित करने के लिए होते हैं। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने अपने पिछले मौद्रिक नीति संबंधी वक्तव्यों और बाद में सार्वजनिक चर्चाओं में केंद्रीय बैंक की स्थिति स्पष्ट कर दी। पहली बात, रिजर्व बैंक को उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति के चार फीसदी का लक्ष्य दिया गया है और खाद्य कीमतें इसमें 46 फीसदी हिस्सेदारी रखती हैं इसलिए उनकी अनदेखी संभव नहीं। दूसरा ऊंची खाद्य मुद्रास्फीति दर आम पारिवारिक मुद्रास्फीति संबंधी अनुमानों को प्रभावित करती है जिसका वास्तविक मुद्रास्फीति संबंधी नतीजों के भविष्य पर असर पड़ सकता है।

रिजर्व बैंक के ताजा मासिक बुलेटिन में एक विश्लेषणात्मक अध्याय भी इस विषय पर है। डिप्टी गवर्नर माइकल देवव्रत पात्र एवं अन्य के शोध आलेख में हालांकि केंद्रीय बैंक का आधिकारिक नजरिया नहीं है लेकिन यह बताता है कि आखिर क्यों केंद्रीय बैंक समग्र मुद्रास्फीति प्रबंधन में खाद्य पदार्थों की अनदेखी नहीं कर सकता है। जून 2020 से जून 2024 के बीच औसत खाद्य मुद्रास्फीति इससे पहले के चार सालों के 2.9 फीसदी के स्तर से काफी अधिक थी। इस इजाफे को मोटे तौर पर एक ही समय में लगे कई झटकों, जलवायु संबंधी घटनाओं और मॉनसून के वितरण से जोड़कर देखा गया। इसके परिणामस्वरूप विचारार्थ अवधि में से करीब 57 फीसदी महीनों में खाद्य मुद्रास्फीति की दर छह फीसदी से अधिक रही। सब्जियों की कीमतों में इजाफे को आमतौर पर अस्थायी माना जाता है।

बहरहाल, करीब 45 फीसदी महीनों के दौरान इनमें दो अंकों की वृद्धि देखी गई। अनाज तथा अन्य उत्पादों में 53 फीसदी महीनों के दौरान छह फीसदी से अधिक महंगाई देखी गई। स्पष्ट है कि खाद्य मुद्रास्फीति बीते कुछ सालों से गंभीर चुनौती बनी हुई है। यह बात भी रेखांकित करने योग्य है कि निर्यात प्रतिबंध समेत सरकार के कई उपायों के बीच निरंतर ऊंची खाद्य मुद्रास्फीति देखने को मिली। आलेख में यह भी दर्शाया गया है कि खाद्य मुद्रास्फीति का मुद्रास्फीति के अनुमानों पर महत्त्वपूर्ण सकारात्मक प्रभाव होता है जबकि मौद्रिक नीति का नकारात्मक। उच्च खाद्य मुद्रास्फीति से मुद्रास्फीति अनुमानों में अनिश्चितता आ सकती है जिससे समग्र मुद्रास्फीति प्रबंधन जटिल हो सकता है।

### महिला समानता दिवस : 26 अगस्त, 2024

# महिलाओं को समानता एवं सक्षमता के पंख देने होंगे

**महिला समानता दिवस से जुड़ा हुआ रंग बैंगनी है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त, बैंगनी रंग महिलाओं और लैंगिक समानता का प्रतीक है। यह न्याय और गरिमा का प्रतिनिधित्व करता है, और अक्सर दूरदर्शी सोच और महिलाओं के अधिकारों के लिए चल रही लड़ाई को दर्शाने के लिए उपयोग किया जाता है। महिलाएं ही समस्त मानव प्रजाति की धुरी हैं। वो न केवल बच्चे को जन्म देती हैं बल्कि उनका भरण-पोषण और उन्हें संस्कार भी देती हैं। महिलाएं अपने जीवन में एक साथ कई भूमिकाएं जैसे- मां, पत्नी, बहन, शिक्षक, दोस्त बहुत ही खूबसूरती के साथ निभाती हैं। बावजूद क्या कारण है कि आज हमें महिला समानता दिवस मनाये जाने की आवश्यकता है। महिलाओं के सशक्तिकरण के लिये जरूरी है कि अधिक महिलाओं को रोजगार दिलाने के लिए भारत सरकार को जरूरी कदम उठाने होंगे। सरकार को अपनी लैंगिकवादी सोच को छोड़ना पड़ेगा।**

**ललित गर्ग**



दुनिया भर में, महिलाओं को सशक्त बनाने, शिक्षा से लेकर राजनीति और आर्थिक भागीदारी तक विभिन्न क्षेत्रों में लैंगिक असमानताओं को दूर करने के प्रयासों को तीव्र गति देने के लिये महिला समानता दिवस 26 अगस्त को मनाया जाता है। सन 1920 में इस दिन संयुक्त राज्य अमेरिका के संविधान में 19वां संशोधन स्वीकार किया गया था। यह दिन महिलाओं को पुरुषों के समान मानने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। न्यूजीलैंड विश्व का पहला देश है, जिसने 1893 में महिला समानता की शुरुआत की। महिलाओं को समानता का दर्जा दिलाने के लिए लगातार संघर्ष करने वाली एक महिला वकील बेल्ला अब्जुग के प्रयास से 1971 से 26 अगस्त को 'महिला समानता दिवस' के रूप में मनाया जाने इस वर्ष की थीम है समता को अपनाएं, जो न केवल महिलाओं की व्यक्तिगत उन्नति के लिए बल्कि समाज की समग्र प्रगति के लिए भी महिलाओं को सशक्त बनाने के महत्व पर केन्द्रित है। यह व्यापक मानवाधिकारों और सतत विकास के साथ लैंगिक समानता के परस्पर संबंध पर जोर देता है। भारत में महिलाओं की उपेक्षा, भेदभाव, अत्याचार एवं असमानता के कारण महिला समानता ज्यादा अपेक्षित है। भारत ने महिलाओं को आजादी के बाद से ही मतदान का अधिकार पुरुषों के बराबर दिया, परन्तु यदि वास्तविक समानता की बात करें तो भारत में आजादी के 78 वर्ष बीत जाने के बाद भी महिलाओं की स्थिति चिन्ताजनक एवं विसंगतिपूर्ण है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शासन में लैंगिक समानता को बढ़ावा देने में काफी प्रगति देखी गयी है, खासकर शिक्षा और राजनीतिक प्रतिनिधित्व जैसे क्षेत्रों में। नारी शक्ति वन्दन अधिनियम-2023 के माध्यम से नारी शक्ति को राजनीति में समानता देने की शुरुआत हुई है। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ जैसी सरकारी पहलों ने समाज में महिलाओं और लड़कियों की स्थिति को सुधारने पर ध्यान केंद्रित किया है। इसके अतिरिक्त, कार्यबल और नेतृत्व की भूमिकाओं में महिलाओं की भागीदारी धीरे-धीरे बढ़ रही है। इन प्रगतियों के बावजूद, महत्वपूर्ण चुनौतियाँ बनी हुई हैं। भारत में लैंगिक असमानता अभी भी व्याप्त है, खासकर ग्रामीण इलाकों में, जहाँ महिलाओं को अक्सर शिक्षा, रोज़गार और स्वास्थ्य सेवा में बाधाओं का सामना करना पड़ता है। बाल विवाह, घरेलू हिंसा और लैंगिक वेतन अंतर जैसे मुद्दे समानता की दिशा में प्रगति में बाधा डालते रहते हैं। कार्यस्थल पर लैंगिक समानता हासिल करना भारत सहित विश्व भर में एक महत्वपूर्ण लक्ष्य बना हुआ है। समान कार्य के लिए समान वेतन को बढ़ावा देने वाली नीतियों के माध्यम से इस असमानता को दूर करने के प्रयास किए जा रहे हैं। भारत सरकार के खुद के कर्मचारियों में केवल 11 प्रतिशत महिलाएं हैं। सरकारी नौकरियों में महिलाओं के लिये अधिक एवं नये अवसर सामने आने जरूरी है। क्योंकि देश में ऐसी महिलाएं नजर आती हैं, जो सभी प्रकार के भेदभाव के बावजूद प्रत्येक क्षेत्र में एक मुकाम हासिल कर चुकी हैं और सभी उन पर गर्व भी महसूस करते हैं। परन्तु इस कतार में उन सभी महिलाओं को भी शामिल करने की जरूरत है, जो हर दिन अपने घर में और समाज में महिला होने के कारण असमानता, अत्याचार एवं उपेक्षा को झेलने के लिए विवश है। आये दिन समाचार पत्रों में लड़कियों के साथ होने वाली छेड़छाड़ और बलात्कार जैसी खबरों को पढ़ा जा सकता है, परन्तु इन सभी के बीच वे महिलाएं जो अपने ही घर में सिर्फ इसीलिए प्रताड़ित हो रही हैं, क्योंकि वह एक औरत है। सेंटर फॉर मॉनीटरिंग इंडियन इकॉनमी (सीएमआईई) नाम के थिंक टैंक ने बताया है कि भारत में केवल 7 प्रतिशत शहरी महिलाएं ऐसी हैं, जिनके पास रोजगार है या वे उसकी तलाश कर रही हैं। सीएमआईई के मुताबिक, महिलाओं को रोजगार देने के मामले में हमारा देश इंडोनेशिया और सऊदी अरब से भी पीछे है। किसी देश या समाज में अचानक या सुनियोजित उथल-पुथल होती है, कोई आपदा, युद्ध एवं राजनीतिक या मनुष्यजनित समस्या खड़ी होती है तो उसका सबसे ज्यादा नकारात्मक असर स्त्रियों पर पड़ता है और उन्हें ही इसका खामियाजा उठाना पड़ता है। दावोस में हुए वर्ल्ड इकनॉमिक फोरम में ऑक्सफैम ने अपनी एक रिपोर्ट 'टाइम टू केयर' में घरेलू औरतों की आर्थिक स्थितियों का खुलासा करते हुए दुनिया को चौका दिया था। वे महिलाएं जो अपने घर को संभालती हैं, परिवार का ख्याल रखती हैं, वह सुबह उठने से लेकर रात के सोने तक अनगिनत सबसे मुश्किल कामों को करती है। अगर हम यह कहें कि घर संभालना दुनिया का सबसे मुश्किल काम है तो शायद गलत नहीं होगा। दुनिया में सिर्फ यही एक ऐसा पेशा है, जिसमें 24 घंटे, सातों दिन आप काम पर रहते हैं, हर रोज क्राइसिस झेलते हैं, हर डेडलाइन को पूरा करते हैं और वह भी बिना छुट्टी के। सोचिए, इतने सारे कार्य-संपादन के बदले में वह कोई वेतन नहीं लेती। उसके परिश्रम को सामान्यत: घर का नियमित काम-काज कहकर विशेष महत्व नहीं दिया जाता। साथ ही उसके इस काम को राष्ट्र की उन्नति में योगभूत होने की संज्ञा भी नहीं मिलती। प्रश्न है कि घरेलू कामकाजी महिलाओं के श्रम का आर्थिक मूल्यांकन क्यों नहीं किया जाता? घरेलू महिलाओं के साथ यह दोगला व्यवहार क्यों? दरअसल, इस तरह के हालात की वजह सामाजिक एवं संकीर्ण सोच रही है। पितृसत्तात्मक समाज-व्यवस्था में आमतौर पर सत्ता के केंद्र पुरुष रहे और श्रम और संसाधनों के बंटवारे में स्त्रियों को हाशिये पर रखा गया है। सदियों पहले इस तरह की परंपरा विकसित हुई, लेकिन अफसोस इस बात पर है कि आज जब दुनिया अपने आधुनिक और सभ्य होने का दावा कर रही है। एक बड़ा प्रश्न है कि आखिर कब तक सभी वंचनाओं, महामारियों एवं राष्ट्र-संकटों की गाज स्त्रियों पर गिरती रहेगी। जहां देश में प्रधानमंत्री के पद पर इंदिरा गांधी और वर्तमान में राष्ट्रपति के पद पर द्रोपदी मुर्मू हैं। पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष ममता बनर्जी राज्य की बागडोर संभाल रही हैं। बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष भी एक महिला मायावती हैं। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को तो विश्व की ताकतवर महिलाओं में शुमार किया ही जा चुका है। पूर्व में लोकसभा में विपक्ष की नेता के पद पर सुषमा स्वराज और लोकसभा अध्यक्ष के पद पर मीरा कुमार ने भी महिला के गौरव को बढ़ाया हैं। कॉरपोरेट सेक्टर, बैंकिंग सेक्टर जैसे क्षेत्रों में इंदिरा नूई और चंदा कोचर जैसी महिलाओं ने अपना लोहा मनवाया है। वर्तमान में निर्मला सीतारमण सहित अनेक महिलाओं ने राजनीति में अपनी छाप छोड़ रही है। हमारी सेना में महिलाओं की यथोचित भागीदारी उसे ज्यादा शालीन, सामाजिक, योग्य और कारगर ही बनाएगी। युगों से आत्मविस्मृत महिलाओं को अपनी अस्मिता और कर्तृत्वशक्ति का तो अहसास हुआ ही है, साथ ही उसकी व्यक्तित्व एवं कर्तृत्व चेतना में क्रांति का ऐसा ज्वालामुखी फूटा है, जिससे भेदभाव, असमानता, रूढ़संस्कार जैसे उन्हें कमतर समझने की मानसिकता पर प्रहार हुआ है। पुरुषवर्ग महिलाओं को देह रूप में स्वीकार करता है, किन्तु आधुनिक महिलाओं ने अपनी विविधआयामी प्रतिभा एवं कौशल के बल पर उनके सामने मस्तिष्क एवं शक्ति बनकर अपनी क्षमताओं का परिचय दिया है, वही अपने प्रति होने वाले भेदभाव का जबाव सरकार, समाज एवं पुरुषों को देने में सक्षम है, महिला समानता दिवस यदि उनकी सक्षमता को पंख दे रहा है तो यह जागरूक एवं समानतामूलक विश्व-समाज की संरचना का अभ्युदय है।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**

मित्रों के साथ आनंददायक प्रवास होगा, तो दांपत्यजीवन में भी आप ज्यादा निकटता बना सकेंगे। धनप्राप्ति के लिए भी शुभ समय है। अविवाहितों को जीवनसाथी की तलाश में सफलता मिलेगी।

**वृष**

मानसिक व्यग्रता को दूर करने के लिए आध्यात्मिकता, योग का सहारा लें। महिला और पानी से बचकर रहें। अभ्यास के लिए समय मध्यम है। आज आप को ज्यादा संवेदनशील एवं भावुकता भरे विचार आएंगे।

**मिथुन**

महिलाओं के बारे में विशेष ध्यान रखें। वाणी एवं व्यवहार में सावधानी बरतें। विदेश से कोई समाचार मिल सकता है। कानूनी बातों का निर्णय सोच-समझकर करें। आज घर, परिवार एवं व्यापार जैसे तमाम क्षेत्रों में आको लाभ होगा।

**कर्क**

आज रिश्तेदार एवं मित्रों के साथ मुलाकात से आप आनंद का अनुभव करेंगे। आपको पहले थोड़ी मुसीबत हो सकती है, आपके जरूरी काम भी शुरुआती विलंब के बाद आसानी से पूरे होने पर शांति का अहसास करेंगे। महिला मित्रों से विशेष लाभ होगा।

**सिंह**

दूसरों की ओर से चिंता कम होगी। इस कारण आप का मन खुश रहेगा। परिजनों या दोस्तों के साथ अच्छे भोजन का अवसर मिलेगा। कोई आकस्मिक यात्रा हो सकती है। आर्थिक मामलों से संबंधित व्यवस्था कर सकेंगे।

**कन्या**

काम का बोझ ज्यादा रहेगा। नए काम की शुरुआत न करें। शारीरिक स्वास्थ्य बिगड़ेगा। मन बेचैन एवं चिंतित रहेगा। वाणी पर संयम रखें। आज आपका दिन शुभ है। व्यापार बढ़ाने को लेकर आपके प्रयास रंग लाएंगे। कमिशन, ब्याज से आपकी आय में वृद्धि होगी।

**तुला**

अधिकारियों का रवैया नकारात्मक रहेगा। विरोधियों के साथ वाद-विवाद न करें। संतान से मतभेद हो सकते हैं। यात्रा की संभावना है। धनखर्च होगा। कार्य सफलता में विलंब होने के कारण निराशा का अनुभव होगा।

**वृश्चिक**

आज आपको काफी संवेदनशीलता का अनुभव होगा। इस कारण किसी के द्वारा आपकी भावना को ठेस पहुंच सकती है। आज आपको मां की बीमारी की चिंता होगी। मकान या जमीन के दस्तावेजी काम आज न करें।

**धनु**

आज आप के लिए नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। आप पर अधिकारियों की कृपा दृष्टि रहेगी। परिवार में उत्सव और उल्लास का माहौल बना रहेगा। मन में भावनात्मकता बढ़ेगी। मां की ओर से फायदा होगा।

**मकर**

प्रवास, सुंदर भोजन एवं प्रियजन के साथ से आप रोमांचित रहेंगे। पत्नी के संग से मन प्रसन्न रहेगा। आज आपको कोर्ट-कचहरी से जुड़े मामलों के लेकर सावधानी बरतने की सलाह दी जाती है। आज मन भावनाओं से व्यथित रहेगा।

**कुंभ**

अनुकूल वातावरण रहेगा और साथियों का सहयोग मिलेगा। आज आप प्यार एवं भावना के प्रवाह में रहेंगे। दोस्त, स्वजनों और रिश्तेदारों की ओर से कोई उपहार मिल सकता है। आप उनके साथ अपना दिन खुशी में गुजार सकेंगे।

**मीन**

जमीन-जायदाद के दस्तावेजी काम कर सकेंगे। आपका आज का दिन प्रतिकूलताओं एवं अनुकूलताओं से भरा होगा। लेखन-साहित्य से जुड़े काम कर सकेंगे। हांलाकि, व्यवसायिक स्थल पर प्रतिकूल परिस्थिति रहेगी। काम समय से पूरा नहीं होगा।

## शख्सियत

**खुद ही को कर बुलन्द इतना कि हर तकदीर से पहले खुदा बन्दे से खुद पूछे, बता तेरी रजा क्या है**



अशोक सैनी
( डायरेक्टर, त्रेहन होम डेवलपर्स )

नमस्कार दोस्तों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं 5 जुलाई सन 1965 को अलवर में जन्मे प्रमुख समाजसेवी और उद्योगपति अशोक सैनी। असीम ऊर्जा और समाज सेवा और धार्मिक कार्यों के लिए समय ना होते हुए भी अनंत समय निकाल लेना इनका व्यक्तित्व है । बचपन से ही संघर्षों के थपेड़े इन्हें मजबूत करते रहे। जयसमंद रोड पर लीवारी गांव में चिनाई के पत्थरों की उनके पिताजी की छोटी सी खान थी। तीसरी और चौथी कक्षा से ही इन्होंने संघर्ष का जीवन जीना शुरु किया। सुबह अपनी माता के साथ साइकिल लेकर भैंसों के लिए हरा चारा अपनी साइकिल पर भारोटे के रूप में लेकर आते थे ,जंगल से लड़कियां चुनकर लाते थे और फिर नहा धोकर स्कूल जाते थे। नया बस सरकारी स्कूल में इनका अध्ययन हुआ। हर मंगलवार शाम को भूरा सिद्ध हनुमान मंदिर पर हनुमान जी महाराज के यहां झाड़ू लगाने साफ सफाई करने इसलिए जाते थे ताकि पंडित जी इन्हें दो लड्डू प्रसाद के दे दें । शुरू से ही मीठे के शौकीन है और डायबिटीक होने के बाद भी खाने में मीठा आज भी पसंद है । शुरू से ही संघर्ष का जीवन जिया इसलिए थपेड़े और जिंदगी के उतार चढ़ाव से जूझने के लिए हर वक्त अडिग रहते हैं। सन 1986 का वह क्षण जो बहुत कम लोग इनके बारे में जानते होंगे शायद। एक सड़क दुर्घटना में उनके पेट पर भरा हुआ ट्रैक्टर ट्राली का पहिया चढ़ जाने से इनका पेट फट गया और पूरा पेट फट जाने से शरीर का सारा खून बह गया। ऐसे में एक महीने तक जिंदगी और मौत के साथ जूझते रहे और जयपुर के सवाई मानसिंह अस्पताल में इनका उपचार चला। उम्मीद जीने की काम और मरने की ज्यादा थी लेकिन होता वही है जो ईश्वर को मंजूर होता है। दोस्तों के प्यार और लोगों की दुआओ से अशोक सैनी एक बार फिर उठ खड़े हुए और फिर संघर्षों के थपेड़े झेलने के लिए अपने आप को तैयार करने लगे । 18 नवम्बर 1991 को धर्म पत्नी रजनी के रूप में जीवन साथी मिला। सँयुक्त परिवार की आभा के नीचे कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए सन 1991 में इन्होंने क्रेशर ले लिया दौड़ धूप, भाग दौड़ और कठिन परिश्रम ने इन्हें सन 1994 में मत्स्य औद्योगिक क्षेत्र में संसार मार्बल का काम शुरू किया जहां इन्होंने मार्बल गैंसा लगाया। सन 1997 में अपने लगातार सफलतम कदमों के चलते फूल बाग पेट्रोल पंप खरीद लिया। सन 2006 में त्रेहान होम डेवलपर के मालिक हर्ष त्रेहन के साथ मिलकर शहर की सबसे बड़ी हाउसिंग सोसायटी बनाने का सपना सजाया जो आज पूरा हो रहा है । सीएसआर गतिविधियों और सामाजिक धार्मिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते रहे इसके तहत राज्य सरकार की ओर से दो बार भामाशाह सम्मान समारोह में महामहिम राज्यपाल की ओर से इन्हें नवाजा गया । आज तक सैकड़ो की संख्या में भंडारा और प्याऊ लगाकर समाज में धार्मिक संदेश भी इन्होंने बखूबी दिया है । बहुत बेहतरीन और धार्मिक सोच विचारधारा के व्यक्तित्व हैं। हर पल हर किसी की मदद के लिए तैयार रहते हैं। संघर्ष विरासत में मिला है इसलिए संघर्ष के थपेड़ों से आज भी नहीं घबराते हैं फर्श से अर्श तक की कहानी के रूप में समाज को एक संदेश भी देते हैं कि यदि कठिन परिश्रम मेहनत लगन और कुछ कर गुजरने के जज्बे को यदि साथ लेकर चलें तो हम सफलता की और नहीं बढ़ते बल्कि सफलता हमारी और बढ़ती है। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम उनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

जय हिंद

### विशेष आलेख

# वैश्विक शांति में भारत का महत्वपूर्ण प्रयास

**संजीव ठाकुर**



भारत हमेशा से शांति सद्भावना और सौहाद्र का सर्वकालिक समर्थक रहा है ।रूस यूक्रेन युद्ध में भारत की तरफ से लगातार प्रयास किए जाते रहे हैं कि युद्ध विराम कर शांति की स्थापना हो और अब के बाद भविष्य में अनावश्यक जान माल की हानि न होने पाए और इसके लिए भारत ने अथक प्रयास भी किए हैं ।यह अलग बात है कि विस्तारवादी दृष्टिकोण को लेकर पुतिन और जेलेन्सकी अजीब सी राजनीतिक और कूटनीतिक परिस्थितियों में एक दूसरे के सामने खड़े तथा अड़े है । शांति के प्रयासों के तहत भारत के प्रधानमंत्री की पोलैंड तथा यूक्रेन की यात्रा के बहुत अहम मायने हैं। प्रधानमंत्री मोदी के पुतिन और रुस से परंपरागत रूप से सामरिक,राजनीतिक एवं आर्थिक अच् संबंध गहरे रहें हैं और इन्हीं संबंधों के परिणाम स्वरूप मोदी यूक्रेन से भी शांति की वार्ता करने व्लादिमीर जिलेंस्की से भीवन टू वन चर्चा करेंगे, भारत की तरफ से शांति का यह महत्वपूर्ण वैश्विक प्रयास है। हालांकि अमेरिका भी शांति का प्रयास के जुटा हुआ है किंतु भारत का प्रयास अलग महत्व रखता है परिणाम जो भी हो कोशिश की सराहना की जानी चाहिए। दूसरी तरफ इजराइल हमास युद्ध में भारत की नीति स्पष्ट रूप से आतंकवादी गतिविधियों और उग्रवाद के विरोध में रही है। भारत ने आतंकवादी संगठन हमास, हिज्बुल्लाह और फिलिस्तीन इस्लामी जिहाद का खुलकर विरोध किया है । इजरायल की बमबारी से घायल हुए पिलिस्तिनी नागरिकों के लिए 38 टन खाद्य सामग्री दवाएं और आवश्यक वस्तुएं तत्काल मुहैया कराई है। भारत के संबंध अरब देशों के साथ-साथ यूरोप,अमेरिका ,ब्रिटेन, फ्रांस और नाटो देशों से भी मधुर हैं इन परिस्थितियों में अरब देश भारत के प्रति युद्ध विराम की संभावनाओं की तलाश में भारतीय पहल का इंतजार कर रहा है। अब भारत ने संयुक्त राष्ट्र संघ की सभा में जॉर्डन के शांति प्रस्ताव में वोटिंग में हिस्सा नहीं लिया ,120 देशों के मतों से प्रस्ताव पारित हो गया, 45 देशों ने वोटिंग में हिस्सा नहीं लिया। चूंकि जॉर्डन हमास को उग्रवादी संगठन नहीं मानता और भारत हमास को कट्टर उग्रवादी मानने की नीति पर चल रहा है। अब भारत को आगे बढ़कर पूरे विश्व का नेतृत्व करने का समय आ गया है। भारतवर्ष अर्वाचीन काल से अहिंसा का पुजारी रहा है। पुरातन काल से ही राजा, महाराजा और सम्राटों ने अपने राज्य कार्य में हिंसा को कभी प्रथम पंक्ति में महत्त्व नहीं दिया था तथा विस्तार वाली नीतियों में भी सेना प्रयास करती रही की आक्रमण के दौरान कम से कम सैनिक हताहत हो। फल स्वरूप राजा, महाराजा तथा सम्राटो ने सदैव अहिंसा के पुजारी बनकर ही राजकाज किया था। पहले से आक्रमण न करने की नीति तथा अहिंसा वादी नीति के कारण भारत पहले मुगलों का तथा बाद में अंग्रेजों का गुलाम हो गया था। इसके उपरांत बहुत संघर्ष तथा मेहनत के बाद 1947 में भारत को आजादी मिली और इसके उपरांत भारत लगातार 'अहिंसा परमो धर्म' की नीति पर अपने कदम बढ़ाता रहा है। कुछेक उदाहरण को छोड़ दिया जाए जैसे पाकिस्तान द्वारा लगातार भारत पर आक्रमण करने से भारत ने मुंह तोड़ जवाब भी दिया और इसी के परिणाम स्वरूप बांग्लादेश का जन्म भी हुआ। पर इस घटना में भी भारत की वैश्विक स्तर पर शांतिदूत की भूमिका ही रही भारत की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर छवि एक शांति के संप्रभुता वाले गणतांत्रिक लोकतंत्र की रही। भारत ने ऐतिहासिक तौर पर कभी किसी राष्ट्र पर अपनी तरफ से आक्रमण हमला नहीं किया और यही कारण है की संयुक्त राष्ट्र संघ के 75 वर्ष के निर्माण काल के पश्चात संयुक्त राष्ट्र संघ हमेशा शांति प्रयासों में भारत की सहायता लेता रहा है और भारत की संयुक्त राष्ट्र संघ के साथ वैश्विक स्तर पर शांति प्रयासों में योगदान की महत्वपूर्ण रहा है। भारत की स्वतंत्रता के बाद मोदी सरकार ने भी वसुधैव कुटुंबकम की नीति का परिचालन कर विश्व को संदेश दे दिया है की भारत गांधी का देश है बुध और विवेकानंद का देश है वह अपने साथ विश्व में भी शांति और सौहार्द बनाए रखना चाहता है और इसी कार्यक्रम में 26 सितंबर 2020 को भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना दिवस के 75 वीं वर्षगांठ के अवसर पर आभासी आयोजन में हिंदी में संभाषण किया यह उनकी संयुक्त राष्ट्र संघ की सभा को संबोधित करने का हिंदी में तीसरा अवसर था। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र संघ के द्वारा किए जा रहे शांति प्रयासों में अपनी भूमिका का स्मरण दिलाया। उन्होंने कहा की भारत विभिन्न समय में संयुक्त राष्ट्र संघ से कंधे से कंधा मिलाकर शांति प्रयासों में महत्वपूर्ण योगदान देता आया है. इसके साथ ही उन्होंने संयुक्त राष्ट्र संघ सुरक्षा परिषद के लोकतांत्रिक होने के प्रयासों में अपना दावा भी पेश किया था। यह उल्लेखनीय है की भारत में संयुक्त राष्ट्र संघ की सभी शांति प्रयास की योजनाओं तथा अभियान में अपनी सशक्त जिम्मेदारी निभाते हुए अपना सहयोग तथा शांति सेना हेतु अपनी सेनाओं को भेजकर एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। संयुक्त राष्ट्र संघ की अपनी धर्म तथा संविधान तथा घोषणा पत्र मैं शांति प्रयासों के लिए सेना को भेजने का कहीं उल्लेख नहीं है किंतु विश्व के कई युद्ध रत तथा मुसीबत में पड़े राष्ट्रों को जहां गृह युद्ध जैसी स्थिति बनी है। वहां भारतीय गणतंत्र ने अपनी सेनाएं भेज कर हजारों लाखों मानव की रक्षा कर, मानव जाति की सेवा की है और अवांछित युद्ध जैसी स्थिति पर अपनी सेनाओं द्वारा नियंत्रण स्थापित किया है। इस बात को संयुक्त राष्ट्र संघ अलग-अलग महासभा में स्वीकार भी करता है। अब तक भारत ने संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा आहूत शांति प्रयासों तथा शांति निर्वहन संक्रियाओं का समर्थन कर रचनात्मक सहयोग हर संभव किया हैझ भारत ने संयुक्त राष्ट्र संघ के आव्हान पर कोरिया, वियतनाम,लागोस,मिस्र, सीरिया , लाइबेरिया, युगोस्लाविया,नामीबिया, सोमालिया, सूडान सहित अनगिनत देशों में अपनी सेनाएं वहां पर शांति बहाली हेतु अलग-अलग समय में उपलब्ध करवाई थी। भारत द्वारा विश्व शांति की स्थापना की दिशा में संयुक्त राष्ट्र संघ शांति अभियानों में अनथक एवं बहुत बड़ा सहयोग किया है। उन्होंने कई देशों के मध्य पर्यवेक्षक की भूमिका भी सफलतापूर्वक निभाई है। इसके अलावा संयुक्त राष्ट्र संघ ने भारत को शांति निरीक्षण आयोगों, समितियों तथा अंतरिम विश्वास बहाली कार्यक्रमों में बतौर सदस्य नामित भी किया है। इस भूमिका को भी भारत ने बहुत सफलतापूर्वक निर्वहन किया है, वैसे भी भारत की विदेश नीति सदैव वैश्विक विवादों के शांतिपूर्ण समाधान का प्रबल पक्षधर रही है। इसीलिए भारत सरकार ने न सिर्फ संयुक्त राष्ट्र संघ के शांति बहाल अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया है बल्कि विश्व के अनेक तनावग्रस्त संकटग्रस्त एवं युद्ध देशों के मध्य अपनी कूटनीतिक राजनैतिक भूमिका भी कर्मठता से निभाई है। संयुक्त राष्ट्र संघ बहुत महत्वपूर्ण होकर जटिल भी होते हैं। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संयुक्त राष्ट्र संघ की हर भूमिका को बड़े ही शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में निपटाने का कार्य बखूबी निभाया है और भारत राष्ट्र जिस तरीके से आत्मनिर्भर होकर विदेश की सरकारों से अपने संबंध स्तापित किए हैं, उससे यह दिन दूर नहीं जब भारत को संयुक्त राष्ट्र संघ की सुरक्षा परिषद में स्थाई सदस्य बनाकर, वैश्विक शांति के लिए शांतिदूत का दर्जा दिया जाएगा।

## आज का इतिहास

### 24 अगस्त की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- गुटेनबर्ग बाइबिल की छपाई का कार्य 1456 में पूरा किया गया।
- ईस्ट इंडिया कम्पनी का पहला जहाज 'हेक्टर' 1600 में सूरत के तट पर पहुंचा।
- जॉब चारनॉक 1690 को कलकत्ता में आकर बसे।
- ब्रिटिश कर्मियों ने 1814 में आज ही के दिन व्?हाइट हाउस को आग के हवाले कर दिया था।
- थॉमस एडिसन ने 1891 में काइनेटोग्राफिक कैमरा और कइनेटोस्कोप के लिए पेटेंट आवेदन दाखिल कराया। यही तकनीक आगे चलकर चलचित्र में तब्दील हुई।
- प्रथम विश्व युद्ध : जर्मन सेना ने 1914 में नैमूर पर कब्जा किया।
- 1954 में आज ही के दिन गहराते हुए राजनीतिक समीकरणों के बीच इस्तीफ़ा देने के बाद ब्राज़ील के राष्ट्रपति गेटुलियो वर्गास ने आत्महत्या कर ली थी।
- वी वी गिरि 1969 में भारत के चौथे राष्ट्रपति बने।
- फखरूद्दीन अली अहमद 1974 में भारत के पांचवे राष्ट्रपति बने।
- यूक्रेन 1991 में सोवियत संघ से अलग होकर स्वतंत्र देश बना।
- आज ही के दिन पॉप स्टार माइकल जैक्सन के खिलाफ़ लॉस एंजेल्स पुलिस ने 1993 में यौन शोषण के आरोपों की जांच शुरू की थी।
- उत्तरी अमेरिका में माइक्रोसॉफ्ट विन्डोज 95 की आम जनता के लिए 1995 में शुरूआत की।
- पाकिस्तान ने 1999 में कारगिल ऑपरेशन के दौरान भारत द्वारा पकड़े गये 8 युद्धबंदियों को युद्धबंदी मानने से इंकार किया।
- बांग्लादेश के पूर्व राष्ट्रपति मुहम्मद इरशाद को 2000 में 5 वर्ष की सज़ा।
- संयुक्त राज्य अमेरिका के उप-विदेशमंत्री रिचर्ड आर्मिटेज ने 2002 में भारत-पाकिस्तान से बातचीत शुरू करने का अनुरोध किया।
- फ़िलिस्तीनियों को 2004 में अहिंसा का पाठ पढ़ाने अरुण गांधी रामल्ला पहुँचे।
- अंतर्राष्ट्रीय खगोलीय संघ ने 2006 में प्लूटो (यम) का ग्रह का दर्जा समाप्त किया।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक फोन नं.01432-244881 निवाई 01438-222201,202,203 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.9414823448 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

उप चुनावों से पहले प्रदेश भाजपा में सर-फुटव्वल

# जयपुर की बैठक में राजेन्द्र राठौड़ पर टिप्पणी, टोंक की बैठक में कार्यकर्ताओं ने दिखाए बगावती तेवर, लगाए नारे

## प्रदेशाध्यक्ष-प्रदेश प्रभारी से कर डाली माफी मांगने की मांग, नाराज नेता ने कार्यकर्ताओं को दिखाया बाहर का रास्ता





### सुनने के बजाए बाहर निकलवा दिया

भाजपा युवा मोर्चा मंडल पीपलू अध्यक्ष तथा राजपूत महासभा जिला उपाध्यक्ष दशरथ सिंह राजावत ने अपने साथी कार्यकर्ताओं के साथ टोंक आए राधा मोहनदास अग्रवाल व मदन राठौर से मुलाकात कर राजेंद्र राठौड़ जैसे वरिष्ठ नेता के अपमान करने पर माफी मांगे जाने की बात कही, इस पर अग्रवाल ने भाजपा कार्यकर्ताओं को राजनीति करने आए हो कहते हुए बाहर निकलवा दिया। इस पर गुस्साए राजेन्द्र राठौड़ के कुछ समर्थकों ने बैठक स्थल के बाहर जमकर नारेबाजी की याद रहे कि तीन दिन पहले जयपुर में बीजेपी सदस्यता अभियान की बैठक से राजेंद्र राठौड़ के बीच में ही चले जाने पर प्रदेश प्रभारी राधा मोहनदास ने अपने भाषण में पूछा-कहां गए राजेंद्र राठौड़? मैं हर किसी पर नजर रखता हूं। इसी बहाने उनकी हाजिरी भी लग गई। उनसे पूछा जाना चाहिए कि उन्हें बैठक क्यों छोड़नी पड़ी? इस बात से राजेंद्र राठौड़ समर्थकों में गहरी नाराजगी मानी जा रही है।

### बैठक स्थल पर कुछ समय बनी रही हंगामे की स्थिति, बैठक में नहीं आए राजेन्द्र राठौड़

बढता राजस्थान

**टोंक, ( का.स. )।** प्रदेश में विधानसभा की 6 सीटों पर उपचुनाव लड़ने-जीतने की तैयारी में जुटी प्रदेश भाजपा में अंदर 'कुछ ना कुछ' सुलग रहा है। तीन दिन पहले जयपुर में हुई भाजपा की बड़ी बैठक में राजेन्द्र राठौड़ को लेकर पार्टी के प्रदेश प्रभारी राधा मोहनदास की टिप्पणी और रवैये के बाद बगावती सुर सुनाई देने लगे हैं। माना जा रहा है कि नाराजगी के चलते ही राजेन्द्र राठौड़ चुनाव प्रभारी होने के बाद भी टोंक की बैठक में नहीं आए। वहीं टोंक में शुक्रवार को उपचुनाव को लेकर पार्टी की हुई बैठक में कुछ कार्यकर्ताओं द्वारा राजेन्द्र राठौड़ के अपमान को लेकर प्रदेश प्रभारी से माफी मंगवाने के नारे लगाए और माफी मांगने की मांग रखी। आशंका जताई जा रही है कि पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौर और प्रभारी प्रभारी राधा मोहनदास को आने वाले दिनों में ऐसे कुछ और प्रदर्शन झेलने पड़ सकते हैं।

### कांग्रेस देश को बांटना चाहती है

इस दौरान राष्ट्रीय महामंत्री राधामोहन दास अग्रवाल ने कहा कि भाजपा ही ऐसी पार्टी है जिसने कार्यकर्ताओं की सुनी जाती है। उन्होंने कहा कि हमारी इतनी लंबी यात्रा है जनसंघ से लेकर भाजपा तक की हम व्यक्ति,परिवार पार्टी नहीं है। उन्होंने कहा कि हमने कभी अकबर की गुलामी नहीं की, राहुल गांधी को कोसते हुए अकबरवादी की संज्ञा दी। उन्होंने टोंक से विधायक सचिन पायलट पर टिप्पणी करते हुए कहा कि सचिन दौसा में कमजोर हो जाते हैं तो वे टोंक में एक समुदाय विशेष की मदद से चुनाव लड़ते है और जीत जाते है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस भारत को विखंडित करना चाहती है उस समय मुस्लिम लीग ने देश को बांटा वहीं कांग्रेस आज देश को बांटना चाहती है। उन्होंने देवली-उनियारा विधानसभा चुनाव का जिक्र करते हुए भजनलाल सरकार की तरफ से कराए गए विकास कार्यों तथा स्वीकृत बजट गिनाते हुए कहा की पांच साल के कांग्रेस राज में देवली-उनियारा पिछड़ा है। इस अवसर पर जिला प्रभारी मंत्री हीरालाल नागर, जीतेन्द्र गोठवाल, प्रदेश महामंत्री एवं सांसद दामोदर दास अग्रवाल, ओम प्रकाश भड़ाना, जलदाय मंत्री कन्हैया लाल चौधरी, निवाई विधायक, विजय बैसला, पूर्व सांसद सुखवीर सिंह जौनापुरिया, रमेश गढ़वाल विष्णु चावला, हकीकत सौदा, बीना जैन, विश्वजीत राठौर मनोज वाल्मीकि, गुड्डु चावला, गौरव चारण, अनिल शर्मा, नरेन्द्र अजमेरा, प्रियवीर सिंह, जिला मीडिया प्रभारी राहुल देव, राजवीर चौधरी,अंकित शर्मा, राम शर्मा,दयाराम चौधरी, बिज्जू बना, पंकज सैनी महावीर सैनी, सुरेन्द्र मेहरा, अजय सिंह, गजराज सिंह सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी बैठक में उपस्थिति रहे।

### हार से निराश नहीं हुए, सबक लिया है




भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौर ने कहा की भारतीय जनता पार्टी एक संघर्षशील पार्टी है, हम विजय मे अति उत्साहित नहीं होते और हार मे निराश होना हमारा काम नहीं, बल्कि हर हार मे हमने सबक लिया है और खुद मे सुधार किया है, प्रदेश अध्यक्ष ने कहा की आज देश नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व मे विकास पथ पर चल पड़ा है। राठौर ने कहा की अभी राजस्थान बिजली पानी के संकट से गुजरा लेकिन ये नौबत क्यों आई की हमारे पास बिजली होते हुए भी बिजली नहीं दे पाए? क्योंकि इन्होंने अन्य राज्यों से ऐसे-ऐसे गलत समझौते कर रखे थे की उनकी सरकार चाहकर भी हमारी आवश्यकता से बिजली काम मे नहीं ले सकते थे लेकिन अब हमारी डबल इंजन सरकार बिजली पानी पर युद्ध स्तर पर कार्य कर रही है राठौर ने कहा कि वे भरोसा दिलाते हैं कि आमजन आप को मूलभूत आवश्यकताओं मे कोई कमी नहीं आने दी जाएगी, मदन राठौर ने कहा की प्रदेश और विधानसभा के चहुमुखी विकास के लिए जनता को भी हमारे साथ खड़ा होना होगा, क्योंकि सेवा का संबल तभी है जब सेवा करवाने वाले साथ खडे हो, हम जनता बिना कुछ नहीं पर जनता को भी भजनलाल शर्मा की सरकार को और अधिक ताकत देनी होंगी, अब हम उप चुनावों मे जा रहे है और आप को अब सिर्फ कमल के फूल के साथ चलना होगा, संगठन किसी एक को टिकिट देगा बाकी सबको उसका साथ देकर हमें इस विधानसभा से पार्टी को विजय बनाना है। बाद मे प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रदेश प्रभारी ने अलग अलग स्तर पर संगठन की बैठक ली और चुनावी चर्चा करते हुए विजय की रणनीति बनाई । जिलाध्यक्ष अजीत सिंह मेहता ने अपने सम्बोधन मे कहा की टोंक जिले मे पार्टी ने अपना परचम सदा लहराया है लेकिन इस लोकसभा चुनाव मे कॉंग्रेस ने विभाजन की राजनीती करते हुए जातिवाद फैलाया और आरक्षण के नाम पर समाज को बाटने का काम किया जो किसी हद तक कामियाब रहा, लेकिन अब जनता इनके कुचक्र को समझ चुकी है और भारतीय जनता पार्टी का जिले का कार्यकर्त्ता पुरे जोश मे है और हमें विश्वास है की हम देवली उनियारा विधानसभा मे विजय होकर कांग्रेस को करारा जवाब देंगे।

# रामकथा का रस बरसाने सुविख्यात कथा वाचक लाटा पहुंचे मालपुरा , आयोजको ने पलक पावबड़े बिछाकर की अगवानी

## आज से आगामी नो दिनो तक महेश सेवा सदन में बरसेगा राम कथा का रस

बढ़ता राजस्थान







**मालपुरा ( नि.स. )।** मालपुरा के महेश सेवा सदन में शनिवार से प्रारम्भ हो रहे रामकथा महोत्सव में व्यासपीठ से रामकथा का का रस बरसाने के सुविख्यात कथा वाचक पं. श्री शंभूशरण जी लाटा कोलकाता वाले मालपुरा पहुंचने पर आयोजको व शहरवासियो ने भगवान के श्री राम के जयकारो के साथ अगवानी कर आर्शिवाद प्राप्त किया।

बीति देर रात्रि देश के सुविख्यात रामकथा वाचक श्री शंभूशरण जी लाटा कोलकाता वाले जयपुर से मालपुरा पहुंच कर आयोजन स्थल महेश सेवा सदन पहुंचे। यहां पहले से मौजुद श्री रामकथा महोत्सव के आयोजन से जुड़े श्री रामकथा महोत्सव आयोजन समिति व भारत विकास परिषद के मौजुद कार्यकर्ताओं सहित भारी संख्या में शहरवासी भगवान श्री राम के जयकारो के साथ केथा वाचक पं. लाटा की भव्य अगवानी कर आर्शिवाद प्राप्त किया।

**आज विशाल व भव्य कलश यात्रा के साथ शुरू होगा नो दिवसीय रामकथा महोत्सव :-** आयोजन समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश सोनी व महामंत्री त्रिलोकचन्द विजयवर्गीय ने बताया कि भारत विकास परिषद एवं श्री राम कथा आयोजन समिति के संयुक्त तत्वावधान में महेश सेवा सदन में 24 अगस्त से 1 सितम्बर तक नो दिवसीय भव्य एवं दिव्य श्री राम कथा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इसका शुभारम्भ शनिवार को भव्य एवं विशाल कलश यात्रा के साथ होगा। कलश यात्रा मालपुरा के नवीन मण्डी स्थित श्री केदारनाथ मन्दिर से सुबह 8 बजे बेण्डबाजो के साथ शुरू होगी। कलश यात्रा शहर के सभी मुख्य बाजारो से होकर आयोजन स्थल पहुंचेगा। जहां 1 सितम्बर तक प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से सायंकाल 6 बजे तक व्यासपीठ से सुविख्यात संत श्री शंभूशरण जी लाटा कोलकाता वाले रामकथा का रस बरसाऐगें। श्री रामकथा महोत्सव को लेकर सभी तैयारियां पूर्ण हो चुकी है। श्री रामकथा महोत्सव को ओर अधिक आकर्षक, सुन्दर व मनमोहक बनाने के लिए आयोजन से ज़ड़े सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर कड़ा प्रयास कर रहे हैं।

प्रवक्ता दिनेश विजय ने बताया कि कलश यात्रा के लिए ड्रेस कोड निर्धारित किया गया है। जिसमें महिलाओं के लिए गुलाबी या रंग का लहरिया या साड़ी तथा पुरूषो के लिए कुर्ता पजामा निर्धारित किया गया है। गौरतलब है कि मालपुरा के इतिहास में प्रथम बार श्री शंभूशरण जी लाटा कोलकाता वाले जैसे राष्ट्रीय स्तर के रामकथा का महारंग बरसा कर उपस्थित होने वाले श्रद्धालुओं को मर्यादा पुरूषोतम भगवान श्री राम के गुणगान कर पुण्य लाभ प्राप्त करने का अवसर प्रदान करेगें।

# नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ का विधायक रामसहाय वर्मा के नेतृत्व में किया भव्य स्वागत

बढ़ता राजस्थान



**निवाई, ( का.स. )।** शुक्रवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने निवाई पीपलू विधायक रामसहाय वर्मा के नेतृत्व में राजकीय महाविद्यालय के पास बाईपास पर नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, प्रदेश प्रभारी राधामोहन दास अग्रवाल, सह प्रभारी विजया राहटकर को गुलदस्ता भेंटकर गर्म जोशी के साथ भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान विधायक रामसहाय वर्मा ने भाजपा कार्यकर्ताओं का प्रदेश अध्यक्ष से परिचय भी करवाया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष ने सभी कार्यकर्ताओं को एक जुटता के साथ पार्टी का कार्य करने का आह्वान किया। जानकारी के अनुसार प्रदेश अध्यक्ष शुक्रवार को टोंक में आयोजित भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करने के लिए जा रहे थे। इस अवसर पर भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष अंकुर गुप्ता, नगर पालिका अध्यक्ष दिलीप ईसरानी, पार्षद परसराम कुमावत, मदनलाल रैगर, रामावतार घाटी, गोवर्धन जैन, पिंटू पारीक, हनुमान रजवास, सत्यनारायण तिवाडी, सियाराम शर्मा, चिरंजीलाल झापडी, रामप्रसाद शर्मा, लालचंद सैनी, कमल सैनी सहित सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

# वंचित एस सी-एसटी जातियों ने रैली निकाल आरक्षण में वर्गीकरण का फैसला जल्द लागू करने की रखी मांग

बढता राजस्थान

**टोंक, (का.स.)।** शुक्रवार को आरक्षण में उप वर्गीकरण के समर्थन में वंचित एस. सी./ एस. टी. समुदाय के लोगों ने समर्थन रैली निकालकर राष्ट्रपति के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में सुप्रीम कोर्ट के आरक्षण में उप वर्गीकरण के फैसले का समर्थन करते हुए शीघ्रताशीघ्र वर्गीकरण करने की मांग की ताकि वंचितों को न्याय मिल सके। दोपहर गांधी पाक में रैली से पूर्व हुई सभा को वाल्मिकी, सांसी, नायक, भील, कलंदर, बावरी और कोली समाज के प्रतिनिधियों ने संबोधित किया। रैली में वाल्मिकी महापंचायत के प्रदेश संयोजक राजेश पारोचिया, माणक चन्द सौदा, रामबाबू परवाना, नाथू लाल चांवरिया, पार्षद हकीकत राय सौदा, पार्षद आदित्य मीणा, सेठ गुलाब मीणा, विजय कुमार सौदा, अरुण कुमार सौदा, मनोज पारोचिया, दूलीचंद बारवासिया, पप्पू वाल्मिकी, मदन धाप, मनोज राजोरिया, कमलेश राजोरिया, पार्षद मनोज, विनय संगत, अजय धामुनिया, पीयूष लखन, सुजीत राजोरिया, मनोज कलौसिया, लाड बाई, सीता देवी संतरा परवाना, कांता बारवासिया, सन्देश, चित्रा, लक्ष्मी चेंडवाल, इंद्रा, सुभाष सौदा, रामलाल सेलीवान, मनोज चांवरिया, लाला किरण धाप, अमर सौदा, कन्हैया लाल तेजी, गिरधारी नकवाल, ताराचंद पारोचिया, कैलाश तंबोली, नवल मीणा, बनवारी लाल टोपिया, कुंदन लाल मीणा, रामस्वरूप जेलर, संजय ऊटवाल, मिट्ठू लाल सेलीवान, सूरज मल चेंडवाल आदि मौजूद रहे। इसके अतिरिक्त भील समाज के जिलाध्यक्ष छीतर लाल भील, हजारी लाल भील, चुन्नी लाल आजाद, सुरेश भील, रामलाल भील, बद्रीलाल भील, प्रहलाद भील, सोनाथ भील, नायक समाज के जिलाध्यक्ष रामकिशन नायक, जसवंत नायक, अजय नायक, चंद्रप्रकाश नायक, सांसी समाज के डी. एन. टी. वेलफेयर संघ के प्रदेशाध्यक्ष ज्ञान सिंह कालावत, पार्षद हरेन्द्र सांसी, मनोज कुमार, सुनील कुमार, कलंदर समाज के नूर भाई, अशरफ भाई, बावरी समाज के सीताराम, किशन लाल और कोली समाज के सुरेश बुंदेल सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# रजवास से सुरसुरा धाम के लिए गाजे-बाजे के साथ रवाना हुई पदयात्रा

बढ़ता राजस्थान



**निवाई ( का.स. )।** ग्राम पंचायत रजवास से श्री वीर तेजाजी पदयात्रा मंडल के तत्वावधान में श्री वीर तेजाजी महाराज की 20 वीं विशाल पदयात्रा सुरसुरा धाम किशनगढ़ के लिए गाजे बाजे के साथ रवाना हुई।

पंडित रामप्रसाद शर्मा व घनश्याम शर्मा द्वारा मंत्रचारण के साथ तेजाजी घोडला मिश्रीलाल व दयाराम घोडला ने ध्वज की पूजा अर्चना करके पदयात्रा को रवाना किया। पदयात्रा श्री वीर तेजाजी मंदिर बगीछी से रवाना होते हुए जैन मंदिर, मुरली मनोहरजी मंदिर, चारभुजा मंदिर होते हुए सुरसुरा धाम के लिए रवाना हुई। इस दौरान संत हीरामन महाराज के सानिध्य में पदयात्रा का पुष्प वर्षा करके माला पहनाकर कर स्वागत किया। श्रद्धालु सूरज गुर्जर ने बताया कि पदयात्रा का घांस भैरू मंदिर खेड़ा बगड़ी व लावा में रात्रि विश्राम होंगा व 27 अगस्त को वीर तेजाजी सुरसुरा धाम गाजे बाजे के साथ विधि विधान से मंदिर शिखर पर ध्वज अर्पित किया जाएगा और महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर सरपंच कानाराम जाट, सूरज गुर्जर, जगदीश मलान्याया, जगदीश भेडवाल, किशन जाट, भंवर जाट, रामसहाय जाट, रमेश गुर्जर, हनुमान गुर्जर, सांवरा जाट, केदार जाट, हनुमान जाट व रामचंद्र जाट सहित कई श्रद्धालु मौजूद थे।

# खराबा फसल का सर्वे करवाकर मुआवजा दिलवाने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

## विशेष गिरदावरी कमेटी बनाकर सर्वे करवाने की मांग की



बढ़ता राजस्थान

**निवाई( का.स. )।** भारतीय किसान यूनियन, किसान कांग्रेस व किसान संगठन द्वारा राज्यपाल के नाम तहसीलदार नरेश गुर्जर को ज्ञापन सौंपा है। भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष श्रीराम चौधरी ने बताया कि इस वर्ष औसत वर्षा सामान्य से दुगुनी हुई है। जिससे संपूर्ण तहसील में रबी की फसल में 90 प्रतिशत से अधिक नुकसान हुआ है। इसकी वजह से किसानों को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। उन्होंने बताया कि ज्ञापन के माध्यम से सरकार से फसल के हुए नुकसान के सर्वे के लिए विशेष गिरदावरी करवाने के लिए एक कमेटी बनाकर सर्वे करवाने की मांग की गई। कमेटी में स्थानीय जनप्रतिनिधि, पूर्व जनप्रतिनिधि और किसानों को शामिल करने की मांग की गई। ज्ञापन में किसानों को बीमा कंपनी द्वारा क्लेम नहीं दिया जाने, किसानों को केसीसी ऋण का क्लेम देकर ऋण को जमा करने सहित कई मांगे शामिल है। ज्ञापन में मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन करने की चेतावनी भी दी गई है। ज्ञापन देने वालों में सरपंच संघ अध्यक्ष प्रतिनिधि पप्पूलाल मीणा, पूर्व शहर अध्यक्ष महावीर पराना, पूर्व सरपंच भंवरलाल यादव, कैलाश बेनीवाल, प्रभु चौधरी, सुदामा चौधरी, विक्रम गुर्जर, कैप्टन कजोड़ मीणा, मदनलाल जाट, सियाराम, कप्तान मीना, मूलचन्द पहाडि़या, बद्री मीणा, पंचायत समिति सदस्य हनुमान मीणा, पार्षद दयाराम चौधरी, एडवोकेट बनवारीलाल यादव, प्रदीप पारीक व मुकेश शर्मा सहित सैकड़ों किसान मौजूद थे।

# श्री श्याम आराधना अखण्ड ज्योत दर्शन रथ यात्रा आज निवाई में

बढ़ता राजस्थान

**निवाई( का.स. )।** बाबा श्याम की कृपा एवं कुमार गिर्राज शरण के सानिध्य में चार धाम, बारह ज्योतिर्लिंग, खाटूधाम से कन्याकुमारी सहित सम्पूर्ण भारत वर्ष में भ्रमण करने वाली श्री श्याम आराधना अखण्ड ज्योत दर्शन रथ यात्रा शनिवार को धर्म नगरी निवाई पहुंचेगी। श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष रवि अग्रवाल ने बताया कि यात्रा सायं तीन बजे कंकाली माता मंदिर पहुंचेगी जिसको भव्य जुलूस के साथ श्रीश्याम मन्दिर तक लाया जाएगा। जहां दर्शन यात्रा का भव्य स्वागत किया जाएगा।

यात्रा के आगमन पर रात्रि 8 बजे से श्याम मन्दिर प्रांगण में विशाल भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि श्याम मंदिर में कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव बडी धूमधाम से मनाया जाएगा। कृष्ण जन्माष्टमी को लेकर श्याम मन्दिर को प्रेम मन्दिर की तरह सजाया जाएगा। इस दौरान भव्य आतिशबाजी, भजन संध्या सहित कृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा।

# अलवर में अखिल भारतीय पल्लीवाल जैन महासभा की ओर से परिचय सम्मेलन 25 व 26 अगस्त को

## देश भर से आयेगें समाज के लोग, दो दिवसीय कार्यक्रम में जुटेगें बड़ी संख्या में लोग

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** पल्लीवाल, सैलवाल, जैसवाल जैन समाज की राष्ट्रीय स्तर की संस्था अखिल भारतीय पल्लीवाल जैन महासभा के तत्वाधान में अलवर में दो दिवसीय पल्लीवाल जैन समाज का राष्ट्रीय अधिवेशन, विवाह योग्य युवक - युवतियों का परिचय सम्मेलन, साधारण सभा, प्रशासनिक एवं अन्य पदो पर चयनित समाज की प्रतिभाओं एवं भामाशाहो का सम्मान, 25 व 26 अगस्त को श्री आदिनाथ जैन शिक्षण संस्थान, स्कीम न0 8. अलवर में होगा। शुक्रवार को पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष त्रिलोक चन्द जैन ने यहां संवाददाता सम्मेलन में बताया कि आयोजन में देश भर से पल्लीवाल,



सैलवाल, जैसवाल जैन समाज के बडी संख्या में नागरिक (महिला, पुरूष एवं बच्चे) शिरकत करेंगें। लम्बे अन्तराल के बाद महासभा की ओर से अलवर में यह आयोजन वृहद स्तर पर किया जा रहा है। कार्यक्रम में पधारने वाले समाज के लोगो के लिए वृहद स्तर पर व्यवस्थायें की गयी है। आयोजन की सफलता के लिए दो दर्जन से अधिक कमेटियों में सौ से अधिक समाज के लोगों को अलग-अलग जिम्मेदारीयाँ सौंपी गयी है।

**25 को परिचय सम्मेलन व साधारण सभा का अधिवेशन व 26 को प्रतिनिधि सम्मेलन व सम्मान समारोह :** राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बताया कि पहले दिन 25 अगस्त रविवार को देश भर से पहुँचने वाले विवाह योग्य युवक एवं युवती मंच से अपना परिचय देगें यह कार्यक्रम प्रातः 11 बजे से प्रारम्भ होगा, इससे पूर्व प्रातः 9.15 बजे से ध्वजारोहण, चित्र अनावरण, अतिथि सम्मान के कार्यकम होगें। दोपहर 2 बजे से साधारण सभा का अधिवेशन होगा, शाम को 7 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम होगें। 26 अगस्त सोमवार को दोपहर 1 बजे से प्रशासनिक एवं अन्य पदो पर चयनित समाज की प्रतिभाओं तथा भामाशाहों का सम्मान किया जावेगा, इससे पूर्व प्रातः 9.15 बजे से प्रतिनिधि सम्मेलन आयोजित होगा विशाल पांडाल महिला एवं पुरुषो के बैठने के लिए अलग अलग व्यवस्था आयोजन समितियों की ओर से बाहर से आने वाले समाज के लोगों के लिए रूकने की उत्तम व्यवस्था की गयी है। इसके लिए ऑन लाइन रजिस्ट्रेशन कराये गये है। समाज के लोगों को कोई परेशानी नहीं हो, इसके लिए कार्यकर्ता दिन-रात मेहनत कर कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए वृहद तैयारी में जुटे हुए हैं।



# तृप्ति भोग में नहीं, त्याग में : साध्वी संयमलता

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** सेक्टर 4 श्री संघ में विराजित श्रमण संघीय जैन दिवाकरिया महासाध्वी डॉ श्री संयमलताजी म. सा.,डॉ श्री अमितप्रज्ञाजी म. सा.,श्री कमलप्रज्ञाजी म. सा.,श्री सौरभप्रज्ञाजी म. सा. आदि ठाणा 4 के सानिध्य में आयोजित धर्म सभा को संबोधित करते हुए महासती डॉ संयमलता ने ब्रह्मचर्य के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सबसे श्रेष्ठ तप ब्रम्हचर्य है। तृप्ति भोग में नहीं त्याग में है। जीवन ऊर्जा को भोग में नहीं, आत्म साधना में लगाए।

उन्होंने कहा कि सभी दुखों से मुक्त होने के लिए ब्रह्मचर्य ही उत्कृष्ट साधन हैं। महासती ने आगे कहा -काम भोग विष सेवन समान है, भोगी पुरुष सदा रोगी ही बना रहता है, वह कभी भी योगी और सुखी नहीं हो सकता। ब्रम्हचर्य ही संपूर्ण शक्तियों का मूल मंत्र है। कामी पुरुष जीते जी ही नरक का अनुभव करने लगता है। वासनाओं के प्रति इतना लगाव होना बर्बादी का ही कारण होता है। ब्रह्मचर्य के पालन करता को कभी विटामिन की गोलियां खानी नहीं पड़ती। ब्रम्हचर्य ही परम औषधि है। वचन सिद्धि जैसी कई लब्धिया प्राप्त हो जाती है।

महासती ने आगे कहा कि यदि कोई आजीवन ब्रह्मचर्य व्रत धारण करें तो फिर वह इस लोक में देव के तुल्य ही पूजनीय बन जाता है । स्वामी दयानंद, स्वामी विवेकानंद, स्वामी रामकृष्ण परमहंस, भगवान मल्लिनाथ, अरिष्ठनेमी भगवान, जंबू स्वामी, विजय सेठ विजया सेठानी, इसी उच्च श्रेणी के आदर्श ब्रह्मचारी महात्मा हुए हैं जिन्हें आज संसार पूजता है।

महासती कमलप्रज्ञा ने कहा कि अच्छा जीवन, अच्छा इंसान व्यक्ति के उच्च आचार उच्च विचार और श्रेष्ठ व्यवहार से बनता है। व्यक्ति की पहचान उसके पहनावे से नहीं उसके व्यवहार से होती है।

व्यवहार को मधुर और शालीन बनाएं। आज भगवान पार्श्वनाथ मा पद्मावती एकासन में 800 से अधिक भाई बहनों ने भाग लिया।

# नगर पालिका के वार्ड न. 26 के पार्षद हेतु उप चुनाव, पूर्व पार्षद के निधन से खाली हुई सीट

- नामांकन के चौथे दिन प्रत्याशी आकाश यादव ने किया नामांकन दाखिल
- शनिवार तीन बजे तक किया जा सकता है आवेदन,अभी तक केवल एक आवेदन हुआ जमा

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** शहर की नगर पालिका के वार्ड नंबर 26 में व्योबृद्ध पार्षद के निधन के बाद उपचुनाव कराया जा रहा है। जिसमें 20 अगस्त से नामांकन की प्रक्रिया शुरू हुई है। नामांकन के शुक्रवार को चौथे दिन निर्वाचन कार्यालय को एक आवेदन पत्र प्राप्त हुआ है। शनिवार को तीन बजे तक नामांकन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि है। ऐसे में जैसे-जैसे आवेदन पत्र जमा करने का अंतिम समय पास आ रहा है चुनाव रुचिपूर्ण होता जा रहा है। निर्वाचन विभाग से मिली



जानकारी के अनुसार शुक्रवार को नगर पालिका वार्ड उप चुनाव 2024 में वार्ड नंबर 26 के लिए आकाश यादव पुत्र सुरेश चंद्र यादव ने अपना नामांकन दाखिल किया है। निर्वाचन विभाग को चार दिन से चल रही आवेदन की प्रक्रिया के दौरान अभी केवल एक आवेदन पत्र प्राप्त हुआ है। रिटर्निंग अधिकारी एसडीएम राधेश्याम मीणा ने बताया कि उपचुनाव वार्ड नंबर 26 के लिए कराया जा रहा है। जहां बुजुर्ग वार्ड पार्षद अजमेर सिंह यादव का निधन हो गया था। ऐसे में उपचुनाव को लेकर 20 अगस्त से 24 अगस्त तक आवेदन पत्र जमा करने की का समय दिया गया है। 27 अगस्त को आवेदन पत्रों की जांच होगी। 29 अगस्त को 03 बजे तक नामांकन लिए जा सकते हैं। इसके बाद 29 अगस्त की शाम को चुनाव लड़ने वाले आवेदनकर्ताओं को चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे। एक से अधिक उम्मीदवार होने पर 5 सितंबर को मतदान कराया जाएगा। 6 सितंबर को मतों की गणना के बाद परिणाम जारी होगा।

**बुजुर्ग पूर्व अध्यक्ष के निधन पर खाली हुई थी सीट :** बाड़ी नगर पालिका के 45 वार्डों में वार्ड नंबर 26 किला और आसपास के क्षेत्र से पूर्व अध्यक्ष और बुजुर्ग अजमेर सिंह यादव पार्षद थे। जिनका निधन होने पर यह सीट खाली हुई थी। ऐसे में यहां निर्वाचन विभाग द्वारा उप चुनाव कराने के निर्देश मिले है। ऐसे में यह उप चुनाव कराया जा रहा है।

# रोटरी क्लब अलवर द्वारा अम्बेडकर स्थित रोटरी ब्लड सेंटर में स्वैच्छिक रक्तदान कार्यक्रम आयोजित किया गया

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** शुक्रवार को रोटरी क्लब अलवर द्वारा अंबेडकर नगर स्थित रोटरी ब्लड बैंक में शैक्षिक रक्तदान कार्यक्रम आयोजित किया गया जहां जिसमें कुल 17 यूनिट रक्त संग्रहित हुई संयोजक रोटेरियन विकास गुप्ता ने बताया कि रोटरी क्लब के अध्यक्ष रोटेरियन दीपक कट्टा, रोटेरियन हर्ष गुप्ता एवं रोटरी चैरिटेबल ट्रस्ट का सहयोग रहा। सभी रक्तदाताओं को रोटरी क्लब की ओर से प्रशस्ति पत्र देकर आभार प्रकट किया।



# नारी ही संस्कारों के अभाव में घर को नरक और संस्कारयुक्त घर को स्वर्ग बना देती : संयमज्योति

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** सुरजपोल बाहर स्थित दादाबाड़ी में श्री जैन श्वेताम्बर वासुपूज्य महाराज मन्दिर का ट्रस्ट द्वारा आयोजित किये जा रहे चातर्मास में समता मूर्ति साध्वी जयप्रभा की सुशिष्या साध्वी डॉ. संयम ज्योति ने कहा कि नारी नारायणी है। सुसंस्कारों के अभाव में घर को नरक बना देती है वही सुसंस्कारिक घर को स्वर्ग बना देती है। साध्वी ने कहा- संसार में सर्वत्र आग लगी हुई है। शांति के दर्शन नहीं होती है। व्यक्ति शांति के लिए शाम को घर लौटता है परंतु यहाँ भी आग लगी देखता है तो सोचता है यहाँ से कहीँ दूर चला जाऊ परंतु मोह की दशा में वो भी इस आग में ही सुलगता है। साध्वी ने नारी के तीन मुख्य रूप पात्रों पर चर्चा करते हुए कहा कि अगर ये तीन पात्र सास बहु ननद अगर विनय विवेक और अन्तर दृष्टि की दीर्घता से अपने रोल अदा करें तो घर मंदिर बन जाये। साध्वी ने कहा कि सास बहू में कलह का मुख्य कारण अधिकार, अहंकार और अपेक्षा है। सास घर पर पूर्णतया अपना अधिकार चाहती है एक छत्र राज चाहती है। उसकी अपेक्षा रहती है बह मेरे नियन्त्रण में रहे। मैं चाहूं जैसा वो करे। वो परजायी है। मैं मालकिन हूँ। उसका यह अहंकार घर में महाभारत पैदा करता है। साध्वी ने कहा -पुत्र वधु गुजराती में वधु का अर्थ है ज्यादा अर्थात जो पुत्र से ज्यादा प्यारी हो वर पुत्र वधु कहलाती है। अगर सास. बेटी और बहू के साथ समान व्यवहार करे उसकी बेटी को ससुराल में खूब प्यार मिले तो बहू भी किसी की बेटी है, उसे प्यार से रखें।

# अलवर में चेन स्नेचिंग करने वाले गिरफ्तार, सदर थाने के हिस्ट्रीशीटर सहित दो को पकड़ा, स्कूटी बरामद

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** अलवर में लगातार चेन स्नेचिंग करने वाले दो बदमाशों को पकड़ा गया है। एक सदर थाने का हिस्ट्रीशीटर है और दूसरा शातिर चोर है। दोनों के कब्जे से एक स्कूटी भी बरामद की गई है। स्कूटी भी अलवर से ही चोरी की गई। अलवर एसपी आनंद शर्मा ने बताया- पुलिस ने सत्यप्रकाश उर्फ सत्तू मीना (49) पुत्र रामरत्न निवासी कटकड़ थाना हिंडोन करौली और राजीव शर्मा (35) पुत्र हनुमान शर्मा निवासी गुमानपुरा हिंडोन करौली को गिरफ्तार किया गया है। सत्तू सदर थाने का हिस्ट्रीशीटर है।

### सीसीटीवी फुटेज की मदद से की तलाश

दोनों बदमाशें ने अलवर शहर में 16 अगस्त को काला कुआं में महिला के गले से चेन छीनी, 17 अगस्त को एनईबी में फौजी कॉलोनी से महिला के गले से चेन स्नेचिंग की, 18 अगस्त को अरावली विहार थाना क्षेत्र में सेंटर एन्सलम्स स्कूल के पास से महिला के गले से चेन ले गए वहीं 19 अगस्त को अरावली विहार थाना क्षेत्र में मीणा मंदिर विवेकानंद नगर से महिला के गले से चेन ले गए थे। इससे पहले 9 जून को नेहरू गार्डन के बाहर से स्कूटी लेकर गए थे। लगातार चेन स्नेचिंग से पुलिस परेशान थी। कई जगह के फुटेज देखें। इसके बाद टीम ने अलवर से ही दबोच लिया।

# प्रशासन ने निजी नर्सिंग होम को किया सीज

## लापरवाही की वजह से हुई थी प्रसूता की मौत, प्रसूताओं को जिला अस्पताल में किया शिफ्ट

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (नि.स.)।** धौलपुर शहर में बाड़ी रोड पर जगदीश टॉकीज के पास संचालित निजी राधारानी अस्पताल को गुरुवार रात को जिला प्रशासन ने सीज कर दिया है। बीते दिनों अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही से एक प्रसूता की मौत हो गई थी। जिसके चलते प्रशासन ने अस्पताल को सीज किया है। धौलपुर एसडीएम डॉ. साधना शर्मा के नेतृत्व में गुरुवार रात तहसीलदार धर्म सिंह, डिप्टी सीएमएचओ चेतराम मीणा सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी पुलिस बल के साथ अचानक निजी अस्पताल पहुंचे। जिससे अस्पताल संचालकों में हड़कंप



मच गया। इस दौरान प्रशासन ने अस्पताल को सीज करने की कार्रवाई करते हुए उसमें मौजूद प्रसूताओं को जिला अस्पताल धौलपुर पहुंचाया। एसडीएम डॉक्टर साधना शर्मा ने बताया कि कुछ दिन पहले राधारानी अस्पताल में एक प्रसूता की मौत हो गई थी। इस मामले को लेकर सीएमएचओ जयंतीलाल मीणा ने अस्पताल की जांच की थी। जिसमें कमियां पाई गई थी। जांच में सामने आया था कि प्रसूता की डिलीवरी के लिए अस्पताल में एनीथीसिया देने वाला डॉक्टर मौजूद नहीं था। उसके बाद भी प्रसूता का ऑपरेशन कर दिया गया। इस जांच रिपोर्ट के आधार पर सीएमएचओ मीणा ने धौलपुर जिला कलेक्टर श्रीनिधि बीटी को कार्रवाई करने के लिए फाइल भेजी थी।

जिस पर जिला कलेक्टर ने कार्रवाई करने की अनुमति दी। जिला कलेक्टर की अनुमति के बाद गुरुवार रात प्रशासन ने अस्पताल पहुंचकर सीज करने की कार्रवाई की है। अस्पताल में भर्ती प्रसूताओं को जिला अस्पताल में शिफ्ट करने के बाद उसे सीज कर दिया गया है।

# डेढ़ सौ रूपये के विवाद में एक ही परिवार के लोगो में हुआ झगड़ा

## एक दर्जन से अधिक लोगो ने घर में घुसकर पिता और उसके तीन पुत्रो पर किया हमला

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** उपखंड की कंचनपुर थाना क्षेत्र के खेरारी गांव में डेढ़ सौ रुपए के विवाद में एक ही परिवार के लोगों में झगड़ा हो गया। झगड़े के दौरान एक पक्ष के लोगों द्वारा घर में घुसकर तीन सगे भाइयों को लाठी डंडों और पत्थरों से हमला कर लहूलूहान कर दिया। घटना में घायल तीनो भाइयों को परिजनों और आसपास के लोगो द्वारा बाड़ी अस्पताल में भर्ती कराया गया हैं। जहां उनका उपचार चल रहा है। वहीं घटना की घायल रामवकील द्वारा कंचनपुर पुलिस को दी गई है। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

अस्पताल में भर्ती घायल 28 वर्षीय रामवकील पुत्र बनेसिंह जाटव निवासी खेरारी ने बताया कि उनके छोटे भाई रामराज पर परिवार के ही मातादीन के डेढ़ सौ रुपए उधार थे। मातादीन द्वारा उधारी के रूपयो को लेकर उससे झगड़ा किया और गालियां दी। जब उसने इसका विरोध किया तो वे लोग हमले पर उतर आए। इस दौरान आस पड़ोस के लोगों ने बीच बचाव कराया और रामराज ने उसके पैसे भी दे दिए। लेकिन बाद में आरोपी मातादीन,ज्ञानसिंह,नाथोली सहित एक दर्जन से अधिक लोगों ने घर में घुसकर पूरे परिवार पर लाठी,डंडों और पत्थरों से हमला कर दिया।

**हमले में घायल हुए 3 सगे भाई, पिता को भी आई चोटे :** पैसों के विवाद में घर में घुसकर हुए हमले में 28 वर्षीय रामवकील पुत्र बनेसिंह जाटव,24 वर्षीय हरेश पुत्र बनेसिंह जाटव और 22 वर्षीय रामराज पुत्र बनेसिंह घायल हुए हैं ।जिन्हें बाड़ी अस्पताल में भर्ती कराया है साथ में तीनों भाइयों के पिता बनेसिंह को भी चोटे आई है। सभी घायलों को बाड़ी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना को लेकर रामवकील पुत्र बनेसिंह ने कंचनपुर पुलिस को सूचना दी है। सूचना पर पहुंची कंचनपुर पुलिस द्वारा घायलों के पर्चा बयान लेकर मामले की जांच की जा रही है।

# सीवरेज लाईन बिछाकर सडक का निर्माण छोड़ा अधूरा

## बारिश के मौसम में कस्बे के गौशाला रोड़ पर स्थानीय नागरिकों की समस्यायें हुई दोगुनी

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** कस्बे में बिछाई जा रही सीवरेज लाईन निर्माण कार्य में लापरवाही, नियमों की अवहेलना व गड़बडियों की शिकायतें निरन्तर सामने आ रही है। सीवरेज लाईन निर्माण ठेकेदार द्वारा गुणवत्ताहीन कार्य करने से सीवरेज लाईन के धंसने जैसी कई घटनायें सामने आ चुकी है। लेकिन लापरवाही सिर्फ सीवरेज लाईन बिछाने तक ही सीमित नहीं है, बल्कि इसे बिछाये जाने के बाद ठेकेदार द्वारा क्षतिग्रस्त व टुटी हुई सडक़ का पुन: निर्माण ना किया जाना आमजन की समस्याओं को दोगुना कर रहा है। ऐसा ही नजारा कस्बे के गौशाला रोड़ पर देखने को मिला। जहाँ ढ़ाणी मोतीवाली, ढ़ाणी टीबा ऊपर वाली, ढ़ाणी देवीदासवाली, ढ़ाणी तोब का टीला समेत अन्य ढ़ाणियों व मुख्य मार्ग पर सीवरेज लाईन बिछाये दो माह से अधिक का समय हो चुका है लेकिन सडक़ का निर्माण नहीं करवाया गया है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि सडक़ आधी अधूरी बनाकर छोड़ दी गई है। बारिश के मौसम में भारी पानी व किचड़ जमा हो जाता है। इसके कारण कई बार बाईक सवार लोग फिसल जाते है। विशेषकर बुजुर्गो, महिलाओं व स्कूली बच्चों को बड़ी समस्या हो रही है। यही नहीं इस रोड़ पर रहने वाले लोगों को अपनी कारें अन्यत्र खड़ी करके जाना पड़ता है एवं ना ही रात्रि के समय में रोशनी के



लिये रोड़ लाईट आदि लगाई गई है। अब देखना यह है कि इस सम्बंध में सीवरेज लाईन निर्माण ठेकेदार के कानों पर जूं रेंगती है या फिर समस्या जस की तस बनी रहती है।




# सैनी विकास संगठन की मीटिंग आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (नि.स.)।** बानसूर के ग्राम रसनाली सैनी विकास संगठन के तत्वाधान में श्रीश्याम मन्दिर में मीटिंग का आयोजन।जिसकी अध्यक्षता बाबूलाल सैनी ने की कोटपूतली में होने आगामी पंचम सामूहिक विवाह सम्मेलन 12 नवंबर 2024 (देवउठनी एकादशी) पर उसका पहला परिचय सम्मेलन व विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन 25 अगस्त2024 को गुरुशिखर स्कूल ग्राम दादूका होने जा रहा है उपलक्ष में गांव गांव ढाणी में जाकर प्रचार संचार किया जा रहा है अध्यक्ष बबलू बबेरवाल अनुरोध किया है कि विवाह सम्मेलन का ज्यादा से ज्यादा समाज लाभ ले ज्यादा से ज्यादा संख्या में जोड़ें दे। इस मौके पर जिला यूथ अध्यक्ष रामकुमार सैनी,श्रीराम सैनी, शिम्भूदयाल सैनी,श्योपाल सैनी, हेमराज सैनी,राजू सैनी,महावीर गुरूजी, विजय सैनी, तेजपाल सैनी, कमलेश सैनी, विनेश सैनी, सचिन सैनी, किरानसू सैनी, कमलेश कानपुरा,जयराम सैनी, राधेश्याम सैनी,बलबीर सैनी, रामरतन सैनी, रामोतार सैनी, सुभाष जमालपुरिया, सुगनचंद सैनी, देशराज सैनी, पत्रकार बिल्लू राम सैनी,आदि मौजूद रहे।

# एक माह से नहीं बन रहे जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र, कक्ष पर लटका है ताला, बैठक में हंगामा



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (नि.स.)।** नगर परिषद में अधिकारियों की मनमानी चरम पर चल रही है। मृत्यु एवं जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के लिए एक महीने से लोग नगर परिषद के चक्कर काट रहे हैं। नगर परिषद पहुंचने पर लोगों को आए दिन जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र कक्ष ताला लटका दिखता है। कई लोगों के तो बस हस्ताक्षर होने रह जाते हैं एक हस्ताक्षर के लिए लोगों को कई बार विभाग के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। आवेदन करता नत्थीलाल निवासी मालवणी परमार ने बताया कि 12 अगस्त को अपने पुत्र हरिकेश के मृत्यु प्रमाण पत्र का आवेदन किया था। जिसके बाद से हर दो दिन बाद नगर परिषद के चक्कर काट चल रहे हैं कभी अधिकारी नहीं मिलते तो कभी कक्ष में ताला लगा मिलता है। आवेदन करता अशोक निवासी बरी पुरा ने बताया कि अपने बच्चे सूर्यांश, हंसराज, मनु और कृष्णा का जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के लिए 1 महीने पहले आवेदन किया था। लेकिन अभी तक नहीं बना। नप आयुक्त अशोक शर्मा अधिकारियों व कर्मचारियों की सभागार कक्ष में बैठक कर रहे थे।

# धार्मिक भावनाएं आहत होने पर आम मुसलमान अंजुमन कमेटी कपासन ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा



बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** आम मूसलमान अंजूमन कमेटी कपासन द्वारा शुक्रवार को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपकर रामगिरी महाराज की गिरफ्तारी की मांग की गयी है। आम मूसलमान अंजूमन कमेटी प्रवक्ता गुड्डू खान ने बताया की अंजूमन सदर अशफाक हूसैन तूर्किया व शहर काजी मोलाना मोहम्मद सईद के संयोजन एवं समस्त मस्जिदों के ईमाम के साथ बाद नमाजे जूम्मा राष्ट्रपति के नाम उपखंड अधिकारी कपासन राजीव बडगुजर को ज्ञापन दीया गया।ज्ञापन में बताया कि विगत दीनो महाराष्ट्र के नासीक जिले के सरलादीप मठ के मठाधीश रामगिरी महाराज द्वारा नासीक जिले की सिन्नर तहसील के पंचालय गोर मे धार्मिक प्रवचन दोरान ईस्लाम धर्म के पैगंम्बर साहब व ईस्लाम धर्म के खिलाफ अशोभनीय टीप्पणी कर उसे सोशल मीडिया पर वायरल करने से देश-दूनिया के मूसलमानो की भावनाएं आहत करने का कार्य किया है।इस नापाक करतूत से हमारे देश की गंगा जमनी तहजीब एवं हिन्दू मूस्लीम मजहब मे आपसी सोहार्द बिगाड़ने की कूचेष्टा की गई है।जिसको लेकर अंजूमन कमेटी कपासन द्वारा महामहिम राष्ट्रपति से रामगिरी महाराज को गिरफ्तार करने व सोशल मीडिया पर ऐसी पोस्ट वायरल करने वालो के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करने की मांग की गयी।

ज्ञापन प्रक्रिया दौरान अंजूमन सैकैट्री सैय्यद असलम अली,कलंदरी मस्जिद के ईमाम अबदूर्रहीम अशरफी,मोलाना आदील रजा,मस्जिद मंसूरीयान के ईमाम आशिक रजा,दरगाह मस्जिद ईमाम अंसारूल हक,मस्जिद बड़ा तालाब के ईमाम सैय्यद मूस्तफा अली,मोलाना रफीक अब्बास निलगर,मोलाना मूजफ्फर हूसैन,मोलाना जावेद, अंजूमन सदस्य मोहम्मद गनी शैख,सैय्यद मूमताज अली शरीफ खान,मोहम्मद अली,मोहम्मद हनीफ भाटी,मोहम्मद सरवर,मोहम्मद तोकीद,मोहम्मद जूनैद,मोहम्मद सब्बीर लाला आदी उपस्थित उपस्थित रहे।

## अंजुमन इत्तिहाद ए बाहमी तरफ से मोहम्मद साहब की शान में गुस्ताखी करने एवं बालोतरा में मुसलमानो के विरुद्ध आवाहन करने के खिलाफ बारां में धरना प्रदर्शन



**अंता/बारां ।** अंजुमन इत्तिहाद ए बाहमी जिला बांरा के प्रवक्ता शाहिद इकबाल भाटी ने बताया कि अंजुमन इत्तिहाद ए बाहमी जिला बांरा की ओर से अंजुमन चौराहा बारां पर अजीमुश्शान एहतजाजी मुज़ाहिरा सदर अहतशाम उद्दीन सिद्दीकी की सदारत में 23 अगस्त को किया गया। प्रोग्राम में हजारों की संख्या में आमजन उपस्थित था । प्रोग्राम की शुरुआत हाफिज अनस ने तिलावत ए कुरान से की मोहम्मद अशफाक ने नातिया कलाम पेश किया । मौलाना मोहम्मद इम्तियाज , मौलवी मोहम्मद सलमान, हाजी वसीम अहमद और अब्दुल मतीन ने अपने विचार व्यक्त किए । सभी ने मोहम्मद साहब की जीवन शैली को अपने अंदर उतारने का आहवान किया । अंजुमन इत्तिहाद ए बाहमी जिला बांरा के सदर अहतशाम उद्दीन सिद्दीकी ने अपने विचार व्यक्त कर दोनों ज्ञापन पढ़ कर सुनाये । ज्ञापन में राम गिरी के विरुद्ध राष्ट्रद्रोह का मुकदमा चलाने और उसे फांसी की सजा देने तथा बालोतरा वाले बाबा के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार करने की मांग की गई ।बाबा राम गिरी के विरुद्ध ज्ञापन महामहिम राष्ट्रपति और बालोतरा के बाबा के विरुद्ध ज्ञापन राज्यपाल के नाम जिला कलेक्टर बारां के प्रतिनिधि उपखंड अधिकारी दिव्यांशु शर्मा को दिया गया । बालोतरा वाले बाबा के खिलाफ एफ आइ आर थानाधिकारी कोतवाली बारां रामविलास मीणा को दी गई । प्रोग्राम के दौरान वृत्ताधिकारी ओमेंद्र शेखावत थाना अधिकारी रामविलास मीणा पुलिस बल के साथ उपस्थित रहे प्रोग्राम का संचालन अंजुमन इत्तिहाद ए बाहमी के जनरल सेक्रेटरी आबिद हुसैन अंसारी ने किया ।

## अग्रज स्काउट सेवा दल द्वारा स्काउट गाइड्स को यूनिफॉर्म वितरित

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** अग्रज स्काउट सेवा दल द्वारा शुक्रवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय आवासन मंडल केशवपुरा के स्काउट गाइड को यूनिफॉर्म वितरित की गई। इस अवसर पर अग्रज सेवा दल के अध्यक्ष रंगलाल मेहता ने कहा कि अपने परिवार, समाज और देश के लिए काम करने की शिक्षा स्काउटिंग से मिलती है। स्काउटिंग का मुख्य उद्देश्य व्यक्तित्व विकास के साथ-साथ समाज सेवा है। आपदा प्रबंधन कार्य में स्काउट्स गाइड्स की बड़ी-बड़ी भूमिका होती है। सचिव जुगराज राठौर ने कहा कि स्काउट्स गाइड्स से जुड़ा व्यक्ति प्रशिक्षित होता है। प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए प्रशिक्षित लोगों की आवश्यकता होती है। उपाध्यक्ष तथा पूर्व जॉइंट डायरेक्टर कालूलाल चंद्रसेन ने कहा कि देश सेवा, समाज सेवा, मानव सेवा एवं व्यक्ति सेवा का भाव एक स्काउट की मूल पूंजी है। इसके बल पर वे हर जगह सराहना के पात्र बन सकेंगे। पूर्व डिप्टी डायरेक्टर पुरुषोत्तम माहेश्वरी ने कहा कि स्काउट गाइड शिक्षा प्राप्त करने पर बच्चे शरीर से स्वस्थ, मन से जागरूक एवं नैतिक गुणों को अपनाकर जीवन की हर प्रकार की चुनौतियों का मुकाबला करते हैं। कार्यक्रम का संचालन स्काउट गाइड प्रभारी प्रकाश जायसवाल ने किया। इस अवसर पूर्व अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी रामकुमार शर्मा, जगदीश मेहरा, अरविंद न्याति, कार्यवाहक प्रधानाचार्य सौरभ मीना, अनिल ठाकुर, पप्पू लाल वर्मा मौजूद थे।

## पुलिस विभाग के सेवानिवृत कार्मिकों का स्नेह मिलन कार्यक्रम कल

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** राजस्थान सेवानिवृत पुलिस कल्याण संस्थान, जिला कोटा का वार्षिक स्नेह मिलन कार्यक्रम 25 अगस्त को द्वितीय बटालियन, आरएसी, कोटा के प्रधान कार्यालय में स्थित सभागार में प्रातः 11 से अपराह्न 2 बजे तक आयोजित किया जाएगा। संगठन के जिलाध्यक्ष तेज राज सिंह एव सम्भागीय अध्यक्ष नवनीत महर्षि ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य सभी सेवानिवृत कार्मिकों को रोजमर्रा के तनाव से मुक्त रखकर एक दूसरे से मिलने और विचारों का आदान प्रदान करने तक ही सीमित नहीं है अपितु उनसे अमूल्य सुझाव प्राप्त कर संगठन को और अधिक गतिशील बनाने पर भी बल देना है। इस स्नेह मिलन कार्यक्रम में सेवानिवृत कार्मिकों के उत्साहवर्धन एवम मार्गदर्शन के लिए महानिरीक्षक पुलिस, कोटा रेंज, कोटा, उप महानिरीक्षक पुलिस, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, कोटा रेंज, कोटा, पुलिस अधीक्षक, जिला कोटा शहर एवम जिला कोटा ग्रामीण को भी आमंत्रित किया गया है।

## धरणीधर जयन्ती : धाकड़ समाज की शोभायात्रा आज

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** धाकड़ समाज के आराध्य देव श्री धरणीधर भगवान की जयन्ती पर शनिवार को विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। धरणीधर गार्डन में आयोजित मुख्य समारोह में ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर मुख्य अतिथि होंगे।महावीर नागर ने बताया कि श्री धरणीधर भगवान की जयन्ती पर शनिवार को मध्याह्न 12 बजे मल्टीपरपज स्कूल से धरणीधर चौराहा तक वाहन रैली निकाली जाएगी।वहीं अपराह्न 2 बजे घटोत्कच सर्किल स्थित दंडवीर हनुमान मंदिर से भगवान की शोभायात्रा निकाली जाएगी। जो विभिन्न मार्गों से होते हुए धरणीधर गार्डन पहुंचेंगी। शोभायात्रा के दौरान लाल चुनरी में 1 हजार महिलाएं कलश लेकर साथ चलेंगी। इसी दौरान डीजे की धुन के साथ 21 झांकियां व भजन मण्डलियां शामिल होंगी। शोभायात्रा के आगे 5 घुड़सवार चलेंगे। शोभायात्रा के बाद धरणीधर गार्डन में सभा का आयोजन किया जाएगा।

## श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ कपासन की कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से विस्तार

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ कपासन की कार्यकारिणी का शुक्रवार को सर्वसम्मति से विस्तार किया गया। श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ कपासन के अध्यक्ष सूर्यप्रकाश सिरोया द्वारा संघ की कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से विस्तार किया गया।जिसमे संरक्षक शंकरलाल लोढा,अनील बाघमार, उपाध्यक्ष अशोक बापना,राजेश खाब्या,महेश पानगडिया,निर्मल सांवला,ओमप्रकाश चण्डालिया, अनिल दुग्गड़,महामंत्री प्रकाश आंचलिया,सहमंत्री अनील बोहरा,मंगल सांवला, कोषाध्यक्ष रूपलाल डांगी,संगठन मंत्री सुशील डांगी,व्यवस्था मंत्री निर्मल कुमार बापना,प्रचार-प्रसार मंत्री सुरेश चोपड़ा, प्रवक्ता सुरेश बापना, व्यावच्य मंत्री प्रदीप चण्डालिया सहित कार्यकारणी सदस्य हेमंत सिरोया,छीतरमल खाब्या,हस्तीमल डांगी,सुन्दरलाल सांखला,अनील कोठारी,रोशन सिरोया,जिनेन्द्र कोठारी,धर्मेश तांतेड,भैरूलाल ढ़िलीवाल को सर्वसम्मति से नियुक्त किया गया है।

## कोटा में रेजिडेंट डॉक्टर्स की हड़ताल स्थगित

### सुप्रीम कोर्ट की अपील पर काम पर लौटे चिकित्सक

बढ़ता राजस्थान



**कोटा ( का.स. )।** सुप्रीम कोर्ट की अपील पर रेजिडेंट डॉक्टर ने अपनी हड़ताल स्थगित कर दी है।। कोटा मेडिकल कॉलेज के करीब 600 रेजिडेंट डॉक्टर्स काम पर लौट आए है। रेजिडेंट डॉक्टर्स ने शुक्रवार से एमबीएस हॉस्पिटल, जेके लोन हॉस्पिटल, न्यू मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल, एसएसबी व रामपुरा जिला हॉस्पिटल में वार्डों व डिपार्टमेंट में सेवाएं देना शुरू कर दिया है। ऐसे में रूके हुए ऑपरेशन की कवायद फिर से शुरू होगी। मरीजों व तीमारदारों को राहत मिल सकेगी। ज्ञातव्य है कि कोलकाता में महिला डॉक्टर से रेप व हत्या के विरोध में रेजिडेंट डॉक्टर्स ने कार्य बहिष्कार कर रखा था। डॉक्टर्स की सुरक्षा व पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे थे। रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन कोटा के अध्यक्ष डॉक्टर जितेंद्र यादव के अनुसार सुप्रीम कोर्ट ने कोलकाता रेप मर्डर केस में दो बार दखल दिया। कोर्ट ने पुलिस व बंगाल सरकार को फटकार लगाई। आंदोलनकारी रेजिडेंट डॉक्टर्स से अपील की, अपना काम जारी रखें, जल्दी न्याय दिलाया जाएगा। जिसके बाद रेजिडेंट डॉक्टर्स ने बुधवार से इमरजेंसी में सेवाएं शुरू कर दी थी। कोर्ट की अपील व जनता की मुश्किल देखते हुए सभी रेजिडेंट डॉक्टर्स ने हड़ताल स्थगित कर काम पर लौटने का फैसला लिया है। कोटा में भी 600 रेजिडेंट डॉक्टर काम पर लौट आए है। भविष्य में जरूरत पड़ी तो दोबारा से हड़ताल पर जाएंगे।

## भारी उमस के बीच हुई बारिश ने कपासन क्षैत्रवासियों को राहत प्रदान की



बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** क्षैत्र में भारी उमस के बीच शुक्रवार सुबह से हुवे मौसम परिवर्तन से हुई बारिश ने किसानों के चेहरे खिलाने के साथ मोसम में ठंडक गोलने का कार्य किया।

जिससे आमजन को उमस व गर्मी से राहत मिल सकी।यहां कपासन क्षैत्र में शुक्रवार को करीब 87 एमएम बारिश दर्ज की गयी। क्षैत्र में बारिश के साथ तेज हवाओं के चलते ग्रामीण क्षैत्र के राहगीरों एवं किसानों को बाजारों से अपने आवश्यक कार्यों की पूर्ति कर आनन-फानन में अपने गंतव्य की और प्रस्थान करना पड़ा।

साथ ही क्षैत्र में जारी उमस के बीच मौसम में अचानक हुवे परिवर्तन से मौसम खुशनुमा हों गया। जिससे आमजन को उमस व गर्मी से राहत मिल सकी।

## 2 महिने से बिस्तर पर पड़ी थी महिला ऑपरेशन कर चलाया, परिवार में खुशियां लोटी



बढ़ता राजस्थान

**झालावाड़ ( नि.स. )।** जिले के सुनेल के पास बोलिया बुजुर्ग के रहने वाली रजनी कॅवर सोनागरा के परिवार की खुशी उस समय दोगुनी हो गई जब वह अपने ऑपरेशन के बाद अपने पैरो पर खड़ी होकर वापस से चलने लगी। घर वाले पिछले 2 महिने से उसे गोद में लेकर घूम रहे थे। टट्टी-पेशाब के लिए भी घर के चार लोग उसे उठाकर ले जाया करते थे। झालावाड़ अस्पताल के न्यूरोसर्जरी के विभाग के प्रभारी डॉ. रामसेवक योगी ने बताया कि 23 वर्षीये महिला मरीज पिछले 6 महिने से कमर दर्द और पैरो के सुन्न होने से परेशान थी और धीरे-धीरे पिछले 2 महिने से पैरो में कमजोरी आने की वजह से बिस्तर पकड़ लिया था और चलने में असमर्थ हो गयी । और परिवार वालों को लगा की कि कोई जादू-टोना का असर है और वो मंदिर-मंदिर लेकर घुमते रहें । लेकिन परेशानी का निजात नही होने पर आखीर घर वाले एस.आर.जी. हॉस्पिटल के न्यूरोसर्जरी विभाग में दिखाने लाये और जॉचे तथा एमआरआई करने पर पता चला की मरीज के कमर में टयूमर है । जिसकी वजह से नसे दबी हुई है मरीज के घर वालों को समझाने तथा ऑपरेशन की सहमति के बाद मरीज को ऑपरेशन 10 अगस्त को किया गया जो कि सफल रहा और अब मरीज अपने पैरो में चलने में समर्थ है।

डॉ. रामसेवक योगी ने बताया की इस तरह की जटिल सर्जरी के लिए अत्याधुनिक संसाधनों की जरुरत होती है परन्तु कम संसाधनों में भी अब झालावाड़ मेडिकल कॉलेज में यह सम्भव हैं। मरीज की गांढ को अभी पैथोलोजी विभाग में हिस्टोपेंथोलोजी के लिए भेजा गया। ऑपरेशन निशुल्क मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के अन्तर्गत हुआ है ।

## जूना खेड़ा -रेलवे स्टेशन मार्ग पर कीचड़ परेशानी का सबब बना

बढ़ता राजस्थान

**झालावाड़ (नि.स.)।** ग्राम पंचायत जूना खेड़ा के रेलवे स्टेशन मार्ग पर यात्रियों को कीचड़ का काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। स्वच्छ भारत अभियान के जिला संयोजक राम स्वरूप पाटीदार ने बताया कि स्टैशन रोड पर बरसात के कारण पानी जमा होने से कीचड़ हो गया है जिसके कारण रेल यात्रा करने वाले यात्रियों को निकलने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है व सेमली नोवाबाद गांव तक ग्रेवल डलवायें जाने की मांग की है ताकी विद्यालय में आने-जाने वाले बच्चों को इस समस्या का सामना नहीं करना पड़े ।

## पत्रकार आवासीय योजना चन्द्रेसल में लाटरी निकालने की मांग

### पत्रकारों के प्रतिनिधि मंडल ने लोकसभा अध्यक्ष से की मुलाकात

बढ़ता राजस्थान



**कोटा ( का.स. )।** पत्रकार आवासीय योजना चन्द्रेसल रोड कोटा में भूखंड आवंटित मामले को लेकर कोटा के पत्रकारों का एक प्रतिनिधि मंडल ग्रेटर कोटा प्रेस क्लब अध्यक्ष सुनील माथुर के नेतृत्व में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मिला।

ग्रेटर कोटा प्रेस क्लब के अध्यक्ष माथुर ने अवगत कराया कि पूर्ववर्ती सरकार ने पत्रकार आवासीय योजना चन्द्रेसल रोड कोटा लॉंच की थी। यूआईटी द्वारा निकाली गई इस योजना में कोटा के पत्रकारों ने आवेदन किया था। चन्द्रेसल इलाके में जमीन आवंटन के साथ प्रत्येक आवेदनकर्ता की ओर से 72000 रुपए भी जमा करवाए गए थे लेकिन लॉटरी निकाले जाने के पहले विधानसभा चुनाव की आचार संहिता लागू हो गई थी। लेकिन अब लम्बा समय होने के बाद भी इसकी लॉटरी को नहीं निकाला गया है। आवेदनकर्ता ज्यादातर पत्रकार श्रमजीवी और फील्ड में सक्रिय रूप से काम करने वाले है। ऐसे में इन्हें इस योजना का लाभ मिलना चाहिए। सरकार की योजना से कोटा के पत्रकारों को लाभांवित किया जाना चाहिए। महासचिव ग्रेटर कोटा प्रेस क्लब अनिल भारद्वाज ने बताया कि लम्बे अंतराल के बाद सरकार ने इस तरह की योजना को निकालकर पत्रकारों को लाभांवित करने का प्रयास किया था, सभी प्रक्रियाएं पूर्ण हो चुकी हैं, केवल लॉटरी निकाली जाए और आवंटन किया जना शेष है। इस पर ओम बिरला ने आश्वस्त किया कि इस मामले में सकारात्मक रूख अपनाते हुए सभी को लाभ मिले ऐसा प्रयास किया जाएगा।

इस अवसर पर ग्रेटर कोटा प्रेस क्लब के संरक्षक पवन आहुजा, संयुक्त सचिव चन्द्र प्रकाश शर्मा आदि सदस्य मौजूद रहे।

## विश्व हिंदू परिषद के स्थापना दिवस पर आयोजित होने वाले धार्मिक कार्यक्रमो की तैयारियां युद्ध स्तर पर जारी

### भव्य धर्म सभा एवं सनातनी महाकुंभ कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन किया



बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** आगामी 27 अगस्त को विश्व हिंदू परिषद के स्थापना दिवस पर आयोजित होने वाले भव्य धर्मसभा एवं सनातनी महाकुंभ कार्यक्रम के पोस्टर का शुक्रवार को विमोचन किया गया।यहां सर्व हिंदू समाज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होने वाले भव्य धर्मसभा एवं सनातनी महाकुंभ कार्यक्रम के पोस्टर का महंत चेतनदास महाराज मुंगाणा व महंत अनुजदास महाराज आदि गणमान्यजनों की उपस्थिति में किया गया।साथ ही समस्त हिंदू समाज से सपरिवार उक्त धार्मिक आयोजन में उपस्थिति के साथ कार्यक्रम को भव्य बनाने संबंधी विस्तृत चर्चा की गयी।

विहिप प्रखंड मंत्री गोपालकृष्ण काबरा ने बताया कि विश्व हिंदू परिषद के स्थापना दिवस पर आयोजित उक्त धार्मिक कार्यक्रमो का बजरंग दल राष्ट्रीय संयोजक नीरज दोनेरिया,संत चेतनदास महाराज,अनुजदास महाराज मुंगाणा,सेवानिवृत जिला शिक्षा अधिकारी चंद्रशेखर तुल्छिया आदि गणमान्यजनों की उपस्थिति में आगामी 27 अगस्त सांय 4 बजे एसआर वाटिका कपासन में किया जायेगा। विहिप जिला उपाध्यक्ष दिलीप बारेगामा ने बताया कि पोस्टर के विमोचन उपरांत प्रचार रथ द्वारा समीपवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर उक्त धार्मिक संबंधी जानकारी प्रदान की जायेगी।साथ ही भव्य धार्मिक आयोजन को लेकर कार्यकर्ताओ द्वारा तैयारीयां युद्ध स्तर पर जारी है।बजरंग दल जिला सहसंयोजक रोहित सिंह राजपूत ने बताया कि इस दौरान प्रखंड अध्यक्ष लाला चाष्टा,भोपालसागर प्रखंड अध्यक्ष विजय शर्मा,मठ मंदिर प्रमुख श्यामलाल वैष्णव,उपाध्यक्ष हिमांशु टांक,नगर अध्यक्ष कमलेश वैष्णव,प्रखंड संयोजक शोभालाल जाट,रामलाल अहीर,किशन बंजारा,रवि शर्मा, भेरूलाल बंजारा,देवीलाल सालवी,बंटी माली, विकास भील,देवी लाल सुखवाल आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## निंबाहेड़ा किराना एवम खाद्य व्यापार संघ के अध्यक्ष आशीष अग्रवाल ने आगामी 2 वर्ष के लिए की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा, उत्कृष्ट कार्यों के लिए एएसआई सूरज कुमार को किया सम्मानित

बढ़ता राजस्थान



**निंबाहेड़ा (नि.स.)।** निंबाहेड़ा में यहां कॉलेज रोड पर स्थित विवेक सांड समता भवन पर 22 अगस्त गुरुवार को निंबाहेड़ा किराना एवम् खाद्य व्यापार संघ की एक अहम बैठक संघ के अध्यक्ष आशीष अग्रवाल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में किराना एवम् खाद्य व्यापार संघ के अध्यक्ष आशीष अग्रवाल द्वारा आगामी 2 वर्ष के लिए नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की गई। इस नव गठित कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को दिए गए पदों की विस्तार से जानकारी देते हुए किराना एवम् खाद्य व्यापार संघ के महामंत्री देवेंद्र सालेचा ने बताया की निंबाहेड़ा किराना एवम् खाद्य व्यापार संघ के संरक्षक पद की जिम्मेदारी का निर्वहन करने के लिए कुशाल बोड़ाना,सुरेंद्र मारू,पारस सांड,सुरेश सहलोत,राजू शारदा, पवन जैन,दिलीप केवलानी एवम् मनीष पीपाड़ा को कार्यकारिणी का संरक्षक बनाया गया है एवं उपाध्यक्ष पद का दायित्व करण छाजेड, राकेश चोरड़िया,मुरली गुरुनानी,प्रकाश चुगवानी, सतीश समदानी,राजेश मूंदड़ा,हेमंत गोयल,विष्णु तेली एवम् चंचल मंत्री को सौंपा गया है। इसी प्रकार कोषाध्यक्ष के पद का दायित्व प्रकाश कुमावत को सौंपा गया तथा सह मंत्री पद पर अनिल पगारिया,अवि जैन को एवं प्रचार प्रसार मंत्री उदयलाल अग्रवाल को बनाया गया है। बतौर कार्यकारिणी में सदस्य के रूप में अशोक तेजीवत,नरेंद्र जैन,विमल जेतावत, नरेंद्र माली,अशोक पगारिया,राहुल जारोली,कालू कोठारी, राजमल चपलोत, महावीर सिंघवी, सिद्धार्थ बोड़ाना, राजेश गोयल,राजू अग्रवाल,संजय छाजेड,शिव बाथरा, गौरव मालू,अभिषेक सिंघवी,राज मुलानी, पुरन ओटवानी, हंसराज पुरुस्वानी, बाबू टांक,नरेंद्र मंत्री, कंवर लाल माली, हीरालाल कुमावत, प्रीतेश अग्रवाल,धीरज पलोड,महावीर सोनी, अर्पित सोमानी,प्रमोद शर्मा,विजय चिमनानी, दिनेश टांक,मोनू अग्रवाल,मनीष रांका, नितिन खटोड़,आसिफ छिपा,अरविंद जारोली, शैलेंद्र गांग, बाबूलाल टांक, राहुल धाकड़ एवम् हरीश चुगवानी को सदस्य बनाया गया।

RNI NO. RAJHIN/2010/35060
दैनिक बढ़ता राजस्थान

# जम्मू-कश्मीर में आतंकी संगठन लश्कर का मददगार गिरफ्तार

## पीओके का रहने वाला है; कठुआ बॉर्डर पर संदिग्ध गतिविधि के बाद सर्च ऑपरेशन जारी

बढ़ता राजस्थान

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में भारतीय सेना ने लाइन ऑफ कंट्रोल पर एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को गुरुवार (22 अगस्त) की शाम गिरफ्तार किया। वह आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा का मददगार है। उसकी पहचान जहीर हुसैन शाह के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि आरोपी पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर का रहने वाला है। सुरक्षाबलों ने उसे स्पष्ट पर चकन दा बाग के पास वाले इलाके में घुसपैठ के बाद पकड़ा। घुसपैठिए से अभी पूछताछ की जा रही है। दूसरी तरफ, कठुआ बॉर्डर पर जांडोर इलाके में गुरुवार (22 अगस्त) रात में दो लोगों की संदिग्ध गतिविधि देखी गई। इसके बाद सुरक्षाबलों ने सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है। पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी गई है। आखिरी रिपोर्ट मिलने तक सर्च ऑपरेशन जारी था।

### पीर पंजाल रेंज में स्पेशल फोर्स के 500 से ज्यादा जवान तैनात

सुरक्षा एजेंसियों के सूत्रों ने न्यूज एजेंसी को बताया कि भारतीय सेना और सुरक्षाबलों ने आतंकवादी गतिविधियों से निपटने के लिए पीर पंजाल रेंज के दक्षिण इलाकों में 10 से ज्यादा बटालियन और 500 से ज्यादा स्पेशल फोर्स के जवानों को तैनात किया है। पाकिस्तानी सेना जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को फिर से जिंदा करने की कोशिश कर रही है। उनके इरादों को फेल करने के लिए भारतीय सेना और अन्य सुरक्षा एजेंसियों ने पीर पंजाल के दक्षिण में ऊंचे इलाकों में सुरक्षाबलों को फिर से तैनात किया है।

# एमपी के महू में छत गिरी, 5 की मौत : शव निकालने लगानी पड़ी 3 जेसीबी, 1 पोकलेन; मृतकों में दो सगे भाई

बढ़ता राजस्थान

**महू ( एजेंसी )।** इंदौर के पास महू के चोरल गांव में एक निर्माणाधीन फार्म हाउस की छत गिर गई। हादसे में 5 मजदूरों की मौत हो गई। घटना गुरुवार देर रात की है। शुक्रवार सुबह ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो हादसे का पता लगा। उन्होंने सिमरोल पुलिस को सूचना दी। पुलिस-प्रशासन की टीम ने तीन जेसीबी और एक पोकलेन की मदद से राहत-बचाव कार्य शुरू किया। करीब तीन घंटे चले रेस्क्यू के दौरान एक-एक कर पांचों मजदूरों के शव निकाले गए। मृतकों में दो सगे भाई और कॉन्ट्रेक्टर भी शामिल हैं। एसपी हीतिका वासल ने बताया कि 2 मजदूर इंदौर, 2 शाजापुर और 1 राजस्थान का रहने वाला था। गुरुवार को काम खत्म होने के बाद रात में खाना खाकर निर्माणाधीन इमारत में ही सोए थे। मालिक की लोकेशन पता लगाई जा रही है। पुलिस ने निर्माणाधीन रिसोर्ट के मालिक विकास पिता श्रीनिवास डबकरा, अनाया पति भरत डेम्बला, विहाना पति जतिन डेम्बला और रिसोर्ट के मैनेजर राहुल अहिरवार पर केस दर्ज किया है।

# शरद पवार बोले-केंद्र ने जासूसी के लिए जेड प्लस सुरक्षा दी

## विधानसभा चुनाव से पहले शायद उन्हें कोई जरूरी जानकारी चाहिए

बढ़ता राजस्थान

**मुंबई ( एजेंसी )।** नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी प्रमुख शरद पवार ने गुरुवार (22 अगस्त) को केंद्र पर जासूसी करने का आरोप लगाया। नवी मुंबई में पत्रकारों से बात करते उन्होंने कहा- हो सकता है कि मेरी इन्फॉर्मेशन निकालने के लिए मेरी सिक्योरिटी बढ़ाई गई है। महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव आने वाले हैं। शायद उन्हें कोई जरूरी जानकारी चाहिए। इसीलिए यह अरेजमेंट किया गया होगा। गृह मंत्रालय के अधिकारी ने मुझे बताया कि मोहन भागवत और अमित शाह की भी सुरक्षा बढ़ाई गई है। दरअसल, केंद्र सरकार ने 21 अगस्त को महाराष्ट्र में मराठा आरक्षण विरोधी प्रदर्शनों को देखते हुए शरद पवार को जेड प्लस सिक्योरिटी दी थी। 10 अतिरिक्त सीआरपीएफ जवान पवार की सुरक्षा में तैनात किए गए हैं। कुछ दिनों पहले राज्य में आरक्षण संबंधी प्रदर्शनों को लेकर खुफिया एजेंसियों ने उनकी सुरक्षा को लेकर अलर्ट जारी किया था।

**किसे दी जाती है जेड प्लस सिक्योरिटी?**-देश के सम्मानित लोगों और नेताओं को जान का खतरा होने पर उन्हें जेड प्लस सिक्योरिटी दी जाती है। ये सुरक्षा मिनिस्टर्स को मिलने वाली सिक्योरिटी से अलग होती है। पहले सरकार को इसके लिए एप्लिकेशन देनी होती है, जिसके बाद सरकार खुफिया एजेंसीज के जरिए खतरे का अंदाजा लगाती हैं। खतरे की बात कंफर्म होने पर सुरक्षा दी जाती है। होम सेक्रेटरी, डायरेक्टर जनरल और चीफ सेक्रेटरी की कमेटी ये तय करती है कि संबंधित लोगों को किस

# केजरीवाल की जमानत याचिका पर सुनवाई 5 सितंबर तक टली

## सीबीआई ने जवाब दाखिल करने के लिए सुप्रीम कोर्ट से समय मांगा

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** सुप्रीम कोर्ट ने शराब नीति केस से जुड़े सीबीआई केस में सीएम केजरीवाल की जमानत याचिका पर सुनवाई 5 सितंबर तक के लिए टाल दी है। कोर्ट ने 14 अगस्त की सुनवाई में जांच एजेंसी से जवाब मांगा था।सीबीआई ने शुक्रवार को कोर्ट में बताया कि एक मामले में जवाब दाखिल कर दिया है जबकि दूसरे केस में जवाब देने के लिए उसे और समय चाहिए।

केजरीवाल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा- एक केस में सीबीआई का जवाब बुधवार रात 8 बजे मिला है। एजेंसी की अपील पर कोर्ट ने सीबीआई को एक हफ्ते का समय दिया है। 14 अगस्त को सीबीआई केस में केजरीवाल की एक और याचिका पर सुनवाई हुई थी। यह याचिका सीबीआई की गिरफ्तारी के खिलाफ थी। केजरीवाल के खिलाफ ईडी और सीबीआई का केस चल रहा है। ईडी मामले में उन्हें पहले ही जमानत मिल चुकी है। वहीं सीबीआई केस में वह जेल में बंद हैं। सीबीआई ने 26 जून को शराब नीति केस में भ्रष्टाचार के आरोपों पर केजरीवाल को गिरफ्तार किया था। वे फिलहाल तिहाड़ जेल में बंद हैं।

### केजरीवाल के वकील की दलील: मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट में बेल मिल चुकी तो सीबीआई केस में क्यों नहीं

केजरीवाल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कोर्ट से कहा- दिल्ली के मुख्यमंत्री को मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट की धारा 45 के सख्त प्रावधानों के बावजूद तीन बार जमानत मिल चुकी है। उन्होंने 10 मई और 12 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट द्वारा दी गई अंतरिम जमानत आदेशों और 20 जून को पीएमएलए मामले में ट्रायल कोर्ट द्वारा दिए गए नियमित जमानत का भी हवाला दिया।

# जीएसटी का प्रॉब्लम है, ये कहने का जमाना गया : निर्मला सीतारमण

## सांसद मन्नालाल बोले- केंद्रीय वित्तमंत्री के आते ही इंद्र देव मेहरबान, उदयपुर में जीएसटी भवन का उद्घाटन

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा-जीएसटी का प्रॉबल्म सॉल्व नहीं हो रहा है। इस तरह की बात करने का अब जमाना गया है। उन्होंने उदयपुर में हिरणमगरी सेक्टर 14 में जीएसटी भवन का लोकार्पण करते हुए ये बात कही। समारोह को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री सीतारमण ने कहा- जीएसटी काउंसिल में सामने आने वाले विषय का अध्ययन कर तुरंत समाधान करते है। अब आपकी ओर से ध्यान में लाने के तुरंत बाद कमेटी उस पर अध्ययन करती है और उसे जीएसटी काउंसिल ले आने का काम भी करती है। आप भी समस्या बताए हमारे अधिकारी भी जरूर उस पर काम करेंगे। आप पूरे आत्मविश्वास के साथ एप्रोच करें।

### कस्टम के जवानों ने दिया गार्ड ऑफ ऑनर

उदयपुर शहर के सेक्टर चौदह सीए सर्कल के पास बने नए जीएसटी भवन के लोकार्पण समारोह में पहुंची सीतारमण को सबसे पहले कस्टम के जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। इसके बाद उन्होंने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ आरती की और फीता काटकर जीएसटी भवन का शुभारंभ करते हुए पट्टिका का अनावरण किया। समारोह में शामिल होने के लिए मेहमान आगे बढ़े तब तेज बारिश शुरू हो गई। वाटरप्रूफ टेंट के अदंर कार्यक्रम शुरू हुआ जिसमें सबसे पहले इस नए भवन की छोटी क्लिप दिखाई गई। सांसद मन्नालाल रावत ने कहा- निर्मला सीतारमण का उदयपुर में जैसे ही आना हुआ तो मेवाड़ पर इंद्र देवता ने भी मेहरबानी कर दी है और बारिश हो रही है। सांसद ने कहा कि केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय ने उदयपुर से पिंडवाडा हाइवे पर करीब 100 करोड़ रुपए की स्वीकृति जारी की है जिसकी सूचना आज ही मिली है। समारोह में मंच पर सीतारमण के साथ उदयपुर के सांसद मन्नालाल रावत, राज्यसभा सांसद चुन्नीलाल गरासिया सहित अधिकारी मंचासीन थे। कार्यक्रम में उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा, महाराणा मेवाड़ फाउंडेशन के ट्रस्टी लक्ष्यराज सिंह मेवाड़, उदयपुर कलेक्टर अरविंद कुमार पोसवाल सहित शहर के गणमान्य और उद्यमी मौजूद थे।



### सूचना के आदान-प्रदान पर दें ध्यान

उन्होंने कहा कि उदयपुर रीजन के इस एरिया में जिंक से 27 प्रतिशत राजस्व मिलता है। कुछ न कुछ दिक्कत या डाउट आता ही है। हमें उसके तत्काल समाधान के लिए तैयार रहना चाहिए, इसमें ज्यादा समय नहीं लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सूचना के आदान-प्रदान पर हमें ध्यान देना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जीएसटी को लेकर किसी के भी साथ शुरूआत में सख्त प्रेशर नहीं बनाना चाहिए। इसकी जरूरत तो आखिरी प्रक्रिया में होनी चाहिए।

# हादसा : खाटूश्यामजी जा रही बस पलटी, नीचे दबने से 2 श्रद्धालुओं की मौत

## 6 लोग गंभीर हालत में जयपुर रेफर

बढ़ता राजस्थान

**नागौर।** खाटूश्यामजी दर्शन करने जा रहे श्रद्धालुओं की बस बेकाबू होकर पलट गई। हादसे में 2 यात्रियों की मौत हो गई, जबकि 18 लोग घायल हो गए। 6 गंभीर घायलों को जयपुर रेफर किया गया है। सभी लोग चित्तौड़गढ़ के रहने वाले बताए जा रहे हैं।

हादसा डीडवाना-कुचामन जिले के मारोठ में हुआ। बस के आगे की साइड की कमानी टूट गई थी। इस दौरान बस बेकाबू होकर पलट गई। सूचना मिलने पर मारोठ पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

थानाधिकारी शिव सिंह नेगी ने बताया- चित्तौड़गढ़ के रहने वाले लोग बस से खाटूश्यामजी मंदिर में दर्शन करने जा रहे थे। सुबह करीब 5.30 बजे मारोठ में भैरूजी मंदिर के पास बस के आगे की साइड की कमानी टूट गई। अचानक कमानी टूटने से ड्राइवर ने बस से कंट्रोल खो दिया और बस पलटते हुए सड़क किनारे गिर गई। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और लोगों की भीड़ जमा हो गई।



बस के नीचे दबने के कारण उमाशंकर कुमावत (36) निवासी चित्तौड़गढ़ और प्रेम देवी मीणा (35) निवासी बलखेड़ा (चित्तौड़गढ़) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 18 लोग घायल हो गए। ग्रामीणों की मदद से बस के नीचे दबे लोगों को बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया। 6 लोगों की हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने उनको जयपुर रेफर कर दिया।थानाधिकारी ने बताया- दोनों मृतकों के शव नावां उप जिला अस्पताल में रखवाए गए हैं। परिजनों के आने पर शव का पोस्टमॉर्टम करवाया जाएगा। उधर, हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर तहसीलदार सज्जनराम चौधरी भी मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। मारोठ के पास दुर्घटनाग्रस्त हुई बस में 17 जने घायल हो गए। घायल होने वालों में रेवाराम(60), धनराज(60), कैलाशी(55), गीता(50), सुनीता(29), शंभूलाल(61), शंकर लाल(62), संतोष(61), रणजीत(16), भगवानी(60), बद्रीदास(70), सोहनी(65), जीतू(60), सोहनी(60), राधा(28), चंदा(30) और गंगा बाई(45) शामिल हैं।

# मौसम : जयपुर में अचानक बदला मौसम, हवा के साथ तेज बारिश

## 26 जिलों में बरसात का अलर्ट



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में अब बारिश फिर तेज होने लगी है। शुक्रवार सुबह जयपुर सहित 5 जिलों में बारिश हुई। इससे पहले गुरुवार को पाली, चित्तौड़गढ़, झुंझुनूं में 3 इंच तक बरसात हुई। डूंगरपुर, उदयपुर समेत कई अन्य शहरों में भी बारिश हुई।

मध्य प्रदेश में तेज बारिश होने से पार्वती, चंबल, कालीसिंध नदियों में पानी की आवक हो रही है। कल धौलपुर में पार्वती नदी पर बने बांध के चार गेट खोल दिए। वहीं, आज भी 26 जिलों में बारिश का अलर्ट है। अगले एक सप्ताह तक कई जगह भारी बारिश होने की संभावना है।

### जयपुर में अचानक बदला मौसम, तेज बरसात

राजधानी में शुक्रवार सुबह तेज धूप के बाद करीब 10.30 अचानक मौसम बदला और करीब 20 मिनट तक तेज बारिश हुई। इधर बीकानेर, सीकर और श्रीगंगानगर में भी सुबह से रुक-रुककर बरसात हो रही है। बीकानेर के नापासर कस्बे में आज सुबह तेज बारिश के बाद जलजमाव हो गया। वहीं, लूणकरणसर में देर रात से रिमझिम बारिश चल रही है।

श्रीगंगानगर शहर में सुबह 6 बजे तेज बरसात से लोगों को काफी परेशनी हुई। सीकर जिले में रानोली सहित कई एरिया में हुई तेज बारिश के कारण कई इलाकों में पानी भर गया। राजसमंद में भी बरसात के बाद मौसम बदला है।

पिछले 24 घंटे के दौरान सबसे ज्यादा बरसात चित्तौड़गढ़ जिले के राश्मी एरिया में 85 एमएम बरसात हुई है। झुंझुनूं के गुढ़ा गौड़जी में 70, उदयपुरवाटी में 69 और पाली के रायपुर में 68 एमएम दर्ज हुई। चूरू, हनुमानगढ़, गंगानगर के एरिया में कल दोपहर बाद तेज बारिश हुई। सवाई माधोपुर, टोंक, उदयपुर, सीकर, जयपुर, दौसा समेत अन्य कई जिलों में 1 से 2 इंच तक अलग-अलग बरसात हुई।

# कतर में गुरु ग्रंथ साहिब बेअदबी मामला, विदेश मंत्रालय ने की शीघ्र समाधान की मांग

बढ़ता राजस्थान

नई दिल्ली। दोहा में अधिकारियों द्वारा गुरु ग्रंथ साहिब के दो पवित्र सरूप जब्त किए जाने के कुछ दिनों बाद विदेश मंत्रालय (एमईए) के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल का बयान सामने आया है। विस्तृत बयान में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि भारतीय अधिकारियों ने पहले ही कतर के अधिकारियों के साथ इस मामले को उठाया है और शीघ्र समाधान की मांग कर रहे हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि हमने कतरी अधिकारियों द्वारा जब्त किए गए गुरु ग्रंथ साहिब और सिख समुदाय द्वारा उनकी रिहाई की मांग के संबंध में रिपोर्ट देखी है। सरकार ने पहले ही इस मामले को कतरी पक्ष के साथ उठाया है और हमारे दूतावास ने दोहा में सिख समुदाय को इस संबंध में घटनाक्रम के बारे में सूचित रखा है। यह ध्यान देने योग्य है कि इस घटना में कतरी अधिकारियों द्वारा कथित तौर पर स्थानीय सरकार की मंजूरी के बिना धार्मिक प्रतिष्ठानों का संचालन करने वाले व्यक्तियों से गुरु ग्रंथ साहिब के दो सरूपों को जब्त करना शामिल था।

# अनिल अंबानी शेयर बाजार से 5 साल के लिए बैन

## 25 करोड़ का जुर्माना भी लगा, शेयरों में 11% तक गिरावट रही

बढ़ता राजस्थान

मुंबई। मार्केट रेगुलेटर सेबी ने फंड की हेराफेरी के मामले में इंडस्ट्रियलिस्ट अनिल अंबानी को शेयर बाजार से 5 साल के लिए बैन कर दिया है। अंबानी पर 25 करोड़ रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है। उनके किसी भी लिस्टेड कंपनी में डायरेक्टर रहने पर भी पाबंदी लगा दी गई है। सेबी ने रिलायंस होम फाइनेंस के पूर्व प्रमुख अधिकारियों समेत 24 अन्य एंटीटीज को भी शेयर मार्केट से बैन कर दिया है। इन पर अलग-अलग जुर्माना लगाया गया है। वहीं रिलायंस होम फाइनेंस कंपनी को 6 महीने के लिए बैन किया है और 6 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। सेबी की ओर से जारी 222 पेज के फाइनल ऑर्डर के मुताबिक, जांच में पता चला कि आरएचएफएल के अधिकारियों की सहायता से अनिल अंबानी ने पैसों की हेराफेरी की। उन्होंने फंड का खुद इस्तेमाल किया, लेकिन दिखाया की ये फंड लोन के तौर पर दिया गया है।

### सेबी के आदेश से जुड़ी 4 बड़ी बातें...

बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने इस तरह के लोन को बंद करने और कॉर्पोरेट लोन्स की नियमित समीक्षा के निर्देश दिए थे, लेकिन कंपनी के प्रबंधन ने इन आदेशों को नजरअंदाज किया।

सेबी ने कहा कि परिस्थितियों को देखते हुए, आरएचएफएल को धोखाधड़ी में शामिल व्यक्तियों के बराबर जिम्मेदार नहीं ठहराया जाना चाहिए। वहीं अन्य एंटीटीज ने फंड डायवर्जन में मदद की।




अनिल अंबानी पर 25 करोड़ रुपए, अमित बापना पर 27 करोड़ रुपए, रवींद्र सुधालकर पर 26 करोड़ रुपए, और पिंकेश आर शाह पर 21 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया गया है।

रिलायंस यूनिकॉर्न एंटरप्राइजेज, रिलायंस एक्सचेंज नेक्स्ट, सहित अन्य कंपनियों पर फंड की हेराफेरी में शामिल होने के कारण 25-25 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया गया है।

### रिलायंस इंफ्रा का शेयर करीब 11% टूटा, पावर में 5% की गिरावट

सेबी के बैन के बाद अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस इंफ्रा, रिलायंस होम फाइनेंस और रिलायंस पावर में गिरावट है। रिलायंस इंफ्रा सबसे ज्यादा करीब 14%, रिलायंस होम फाइनेंस 5.12% और रिलायंस पावर 5.01% गिर गया है।

# सुप्रीम कोर्ट बोला-देशभर में लागू होगी बीएनएस की धारा 479

## जो विचाराधीन कैदी सजा का एक-तिहाई वक्त हिरासत में काट चुका, उसे जमानत दें

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने शुक्रवार (23 अगस्त) को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 479 को 1 जुलाई से पहले दर्ज किए गए सभी विचाराधीन मामलों में लागू किया जाएगा। जस्टिस हिमा कोहली और संदीप मेहता की बेंच ने देशभर के जेल अधीक्षकों से कहा- वे धारा 479 में दी गई हिरासत की अवधि का एक तिहाई समय पूरा कर चुके कैदियों के आवेदनों पर कार्रवाई करें। इसे 3 महीने के अंदर निपटाएं। सुप्रीम कोर्ट ने देश की जेलों में भीड़भाड़ से निपटने के लिए अक्टूबर 2021 में नजर बनाए हुए है। इस मामले पर खुद ही एक्शन लेते हुए इस मामले पर केंद्र सरकार से जवाब मांगा था।

**एमिकस क्यूरी ने कहा था- जेलों में भीड़ कम करने में मदद मिलेगी**-पिछली सुनवाई में सीनियर एडवोकेट और एमिकस क्यूरी (कोर्ट की तरफ से नियुक्त किए गए वकील) गौरव अग्रवाल ने धारा 479 के तहत विचाराधीन कैदियों को हिरासत में रखने की अधिकतम अवधि से जुड़े प्रावधान पर कोर्ट का ध्यान खींचा था।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
  (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
  (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com